

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना  वर्ष-13, अंक -324 जबलपुर, गुरूवार 23 जनवरी 2025  कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8  संपादक अरुण श्रीवास्तव


### आग की अफवाह फैली, लोग कूदकर ट्रैक पर खड़े थे

# लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों को दूसरी ट्रेन ने कुचला 12 की मौत, 40 घायल



जलगांव-(आरएनएस)। जलगांव के पचोरा रेलवे स्टेशन पर एक चौंकाने वाली घटना में, पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद अफरा-तफरी मच गई। घबराए यात्री अपनी जान के डर से चलती ट्रेन से कूदने लगे। दुख की बात है कि कुछ यात्री बगल के रेलवे ट्रैक पर उतर गए, जहां वे उसी समय गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं, जिससे स्टेशन पर शोक और सदमे की स्थिति है। बताया जा रहा है कि अब तक 11 लोगों की मृत्यु हुई है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार का आदेश दिया है, साथ ही यात्रियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है।



नासिक के संभागीय आयुक्त प्रवीण गेदाम ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के यात्री ट्रैक पर थे जब कर्नाटक एक्सप्रेस बगल के ट्रैक से गुजर रही थी तभी वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हम मौके पर हैं। एडिशनल एसपी, एसपी, कलेक्टर और हर कोई अपने रास्ते पर है। हम डीआरएम और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अंतिम उपलब्ध जानकारी के अनुसार 8 एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंचीं, रेलवे की अतिरिक्त बचाव वैन और रेलवे एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। आखिरी रिपोर्ट के मुताबिक 8 लोगों की मौत हो गई है। संख्या बढ़ सकती है। प्रशासन हरसंभव मदद कर रहा है। अधिकारी आपातकालीन सहायता प्रदान करने और घटना की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। हताहतों की संख्या की पुष्टि करने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी झूठे फायर अलार्म के स्रोत की भी जांच कर रहे हैं और भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उपाय सुनिश्चित कर रहे हैं। हालांकि जलगांव के जिला कलेक्टर ने कहा कि आग लगने की अफवाह की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि तीन अस्पतालों को सक्रिय कर दिया गया है और सभी आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं।

**घायलों को भेजा गया अस्पताल**

पूर्व सांसद उन्मेष पाटील ने जानकारी दी कि जलगांव की पाचोरा तहसील परधाडे गांव के पास यह हादसा हुआ। 12 घायलों को इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राज्य मंत्री ने दी घटना की जानकारी

राज्य मंत्री गुलाब राव पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र के जलगांव में पुष्पक एक्सप्रेस के एक डिब्बे में हॉट एक्सल या ब्रेक-बाइंडिंग के कारण उठे धुएं को देख कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने जंजीर खींच दी। कई यात्री ट्रेन से कूद गए। इस दौरान बगल के ट्रैक से दूसरी ट्रेन गुजर रही थी। घटना स्थल पर सीनियर अधिकारी पहुंच रहे हैं। गुलाब राव पाटिल जलगांव के गार्जियन मिनिस्टर भी हैं।

### दिल्ली में बोले पीएम मोदी

## आप-दा वाले कह रहे फिर आएंगे... लोग ऊब कर कह रहे हैं ये फिर खाएंगे



नई दिल्ली-(आरएनएस) ।दिल्ली चुनाव में लगे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली संवाद किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के सभी साथियों को मेरा नमस्कार ।दिल्ली के आप सभी बूथ कार्यकर्ताओं से बात करना मेरे लिए बहुत ही खुशी का अवसर है। क्योंकि सालों तक मुझे इस काम में बड़ा आनंद रहा है और स्वाभाविक है कि ऐसे कार्यक्रम का मैं हमेशा इंतजार करता रहता हूं। हजारों बूथ कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से ढेर सारे सुझाव रखे हैं। नमो एप के माध्यम से भी हजारों सवाल आए हैं। मेरा बूथ-सबसे मजबूत केवल एक कार्यक्रम नहीं है। ये भाजपा की जीवंतता, भाजपा की जड़ों की ताकत और जिन जड़ों से भाजपा का विस्तार हुआ है, उसके मूल में आप सब कार्यकर्ताओं ने जिसे अपना जीवन मंत्र बनाया है, वो है मेरा बूथ-सबसे मजबूत।

पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ता की क्या ताकत है, ये किसी से छुपा नहीं है। इस बार आपने दिल्ली के हजारों बूथ जीते, तब जाकर सातों सीटों पर भाजपा विजयी हुई है। मुझे पक्का विश्वास है कि दिल्ली में ये जो संगठन की ताकत है, हर बूथ पर तीन-तीन, चार-चार पीढ़ी के कार्यकर्ता हैं, यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। मुझे विश्वास है कि अपने-अपने बूथ पर आप जो मेहनत कर रहे हैं, उसके चलते आप भारी विजय प्राप्त करने ही वाले हैं। इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं है।

**पीएम मोदी ने कहा कि हर बूथ 2 लक्ष्य तय कर सकता है**

1 - मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे- पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा।

2 - मामूली विजय नहीं - हर बूथ पर भाजपा को 50त्न से ज्यादा वोट कैसे मिले, इसके लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है, उनकी दुआएं लेनी है।

### योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों संग गंगा में लगाई डुबकी



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में जारी महाकुंभ के दौरान बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी पूरी कैबिनेट के साथ प्रयागराज पहुंचे। यहां पहले कैबिनेट की बैठक हुई। कई बड़े फैसले लिए गए। बैठक के बाद खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैसलों की जानकारी दी। इसके बाद सभी 54 मंत्री नाव पर सवार होकर त्रिवेणी पहुंचे और यहां गंगा में डुबकी लगाई।

### कर्नाटक में बड़ा हादसा

## फलों से लदा ट्रक खाई में गिरने से 8 लोगों की मौत, 10 गंभीर रुप से घायल



येल्लापु.(आरएनएस)। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. सावनूर से कुमटा बाजार जा रहा सब्जियों और फलों से लदा एक ट्रक येल्लापुर के पास अरेबैल और गुल्लापुरा के बीच खाई में गिर गया, जिससे 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 गंभीर रूप से घायल हो गए.पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 5-30 बजे हुआ जब ट्रक चालक ने किसी अन्य वाहन को रास्ता देने के प्रयास में अपना नियंत्रण खो दिया. परिणामस्वरूप, ट्रक सड़क के बाईं ओर चला गया और लगभग 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा. ट्रक में 30 से अधिक लोग सवार थे, जिनमें ज्यादातर सब्जी विक्रेता थे जो अपनी उपज बेचने के लिए बाजार जा रहे थे. हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया. घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहाँ कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है. करवार के पुलिस अधीक्षक नारायण एम के अनुसार, मृतकों की संख्या पहले 8 बताई जा रही है. अधिकारी हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं, जिसमें ट्रक की स्थिति और सड़क के बुनियादी ढांचे का भी निरीक्षण शामिल है.

## औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में 24-25 फरवरी को भोपाल में होगी जीआईएस

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 24 और 25 फरवरी को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटके लिए उद्योग समूहों और निवेशकों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पुणे में हुए इंटरैक्टिव सेशन में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों और निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों और निवेश के लिए मध्यप्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है। प्रदेश में वर्ष-2025 को




उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है। औद्योगिक विकास की गति को तेज कर प्रदेश को आर्थिक रूप से अधिक उन्नत और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से निवेश-अनुकूल नीतियों, उत्कृष्ट बुनियादी ढाँचे और कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश, अपने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों और विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे के साथ, निवेशकों के लिए एक आकर्षक केन्द्र के रूप में उभर रहा है। हमारी व्यापारिक राजधानी इंदौर ने स्वयं को स्वच्छता की राजधानी के रूप में भी स्थापित किया है। पीथमपुर और मंडीदीप प्रदेश ही नहीं देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, खनन, फार्मा, पर्यटन, आईटी,सहित सभी क्षेत्रों में सुगम एवं आकर्षक नीतियां विकसित की गई हैं।

## डॉक्टर को पाकिस्तान के नंबर से मिली धमकी, 26 जनवरी को इंदौर में होने वाला है कुछ बड़ा

इंदौर (आरएनएस)। इंदौर के होम्योपैथिक डॉक्टर और पत्नी को पाकिस्तान और अन्य देश के नंबर से धमकी मिल रही है कि 26 जनवरी को इंदौर में कुछ बड़ा होने वाला है। इस संबंध में शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है।

डॉ. देवेंद्र राठौर ने बताया कि मेरी आईटी कंपनी भी है। वर्ष 2023 में एक व्यक्ति ने हमसे ऑनलाइन संपर्क किया और एक प्रोजेक्ट करवाया। इसके बाद गेटवे लगाने की जिद करने लगा, इस संबंध में आईडी मांगी जिसे हमने नहीं दी। इसके बाद वह मेरी पत्नी और कर्मचारियों की फर्जी प्रोफाइल बनाकर ब्लैकमेल कर रहा है। वर्चुअल नंबर से परेशान कर रहा है। इससे पहले भी हम शिकायत कर चुके हैं। उसने अपना मनमोहन सिंह



निवासी दिल्ली बताया था।

वह नौ वर्ष की बच्ची को मारने की धमकी और उसके साथ गलत करने की धमकी देता है। आरोपित ने इंटरनेशनल नंबर से डॉक्टर को मैसेज भी किए, जिसमें लिखा है कि कुछ बड़ा होने वाला है, कश्मीर से शाजिद आ रहा है। वहीं भारत देश को भी अपशब्द कह रहा है।

**आरोपित ने कहा- मुंबई ब्लास्ट में था शामिल**

आरोपित ने डॉक्टर को धमकी देते हुए कहा कि वह मुंबई बम ब्लास्ट में भी काम कर चुका है। आशंका जताई जा रही है कि डॉक्टर को पास जो धमकी भरे फोन आ रहे हैं, वह पाकिस्तान से हो सकते हैं। इसके अलावा फेक आईडी बनाकर डॉक्टर की पत्नी के फोटो भी अपलोड कर उसमें आपत्तिजनक टिप्पणी लिखी गई है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच में शिकायत हुई। आरोपित बता मुंबई ब्लास्ट में अपना हाथ बता रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

### सेना के जवानों ने पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की

जम्मू-जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के जवानों ने मंगलवार आधी रात के बाद नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करके भारतीय सीमा में पहुंचे एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने बताया कि ड्रोन मेंढर सेक्टर में सीमा बाड़ के पास एक इलाके में कुछ देर हवा में चक्कर लगाने के बाद वापस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लौट गया।

## शेख हसीना को दो वरना...बांग्लादेश की इतनी हिम्मत, अब खुलेआम भारत को धमकाने लगा



बांग्लादेश-(आरएनएस)। भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ जहां भारत बांग्लादेश की सीमाओं पर बाड़ेबंदी को लेकर ढाका के द्वारा तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। बांग्लादेश की आंतरिम सरकार भारत के खिलाफ टीका-टिप्पणी करने से बाज नहीं आ रही है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के तमाम सलाहकार भारत विरोधी बयानों के लिए पूरे बांग्लादेश में सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब एक और बयान भारत को धमकी देने के अंदाज से सामने आया है। अंतरिम सरकार के लॉ एडवाइजर आसिफ नजरुल ने कहा है कि अगर भारत ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को ठुकरा देता है। तो ऐसा करना प्रत्यर्पण संधि के खिलाफ होगा। इससे ये माना जाएगा कि भारत ने प्रत्यर्पण संधि को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया है कि हमने एक चिट्ठी लिखी है जिसमें शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की गई है। अगर भारत शेख हसीना को प्रत्यर्पित नहीं करता है तो इससे ये साफ संदेश जाएगा कि उसने प्रत्यर्पण संधि की अवहेलना कर दी है, जो भारत और बांग्लादेश के बीच पहले से तय की गई थी। उनका कहना है कि अगर ऐसा भारत के द्वारा किया गया तो आगे इससे जुड़े कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय इस पूरे मामले को देख रहा है। आगे इस मुद्दे पर किस तरह से कदम उठाना है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अंतर्गत किस तरह से काम किया जाए ये सुनिश्चित किया जाएगा। इतना ही नहीं इनका कहना है कि विदेश मंत्रालय की तरफ से ये भी कोशिशें की जा रही हैं कि शेख हसीना को लेकर रेड अलर्ट जारी कर दिया जाए। उनका कहना है कि उनकी तरफ से सबकुछ किया जा रहा है कि जिसके जरिए शेख हसीना को जवाबदेह बनाया जा सके।

## हम संविधान के लिए मर मिटने को तैयार, बेलगावी में बोलीं प्रियंका गांधी- राहुल से डरती है सरकार

नई दिल्ली-(आरएनएस)। एआईसीसी महासचिव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह, उनके भाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता भाजपा से नहीं डरते हैं और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कई पार्टियों की सरकार रही, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसका गृह मंत्री संसद में खड़े होकर बाबा साहेब का अपमान कर सके। कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसके नेताओं ने कहा कि हम संविधान बदल देंगे। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कोई ऐसा नहीं कह सकता कि हमें आजादी 1947 में नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा



था कि सत्ता में बैठे लोग संविधान को कमजोर करने की बात करेंगे और बाबा साहेब अंबेडकर जी जैसे मसीहा का संसद में अपमान होगा। बाबा साहेब का अपमान कर गृह मंत्री ने लोकतंत्र और तमाम स्वतंत्रता सेनानियों-शहीदों का अपमान किया है, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी को देश की सारी संपत्ति सौंप दी गई है। जब हम संसद में कहते हैं कि अडानी के खिलाफ अमेरिका में केस दर्ज है, जांच की जाए, तो हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। गांधी ने कहा कि अडानी ने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी,




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कोतवाली में विकास कुमार जैन निवासी मधुवन कालोनी उखरी रोड कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि सुबह करीब 04.30 बजे अपने परिवार के साथ इन्दौर चला गया था। घर वापस आया तो देखा कि घर मे रखे 03 गैस सिलेन्डर, 01 लेपटाप लेनोवो कंपनी का, 01 सरकारी टैबलेट ( एचएचटी डाटा मिनी कंपनी ), 01 गूगल एलेक्सा स्पीकर, 01 स्मार्ट वॅाच, 05 चाँदी के सिक्के, 5000 रूपये नगद, 01 मोबाईल फोन की पैड वाला नोकिया कंपनी का गायब था। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 482/24 धारा 331( 4 ), 305( एं ) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया

**शहर के बेस्ट कॉलोनी स्वास्तिक विला में जाकर निगमायुक्त ने वहॉ के नागरिकों से किया स्वच्छता संवाद- निगमायुक्त प्रीति यादव को परिसर में पाकर रहवासी लोगों में देखने मिला उत्साह - कॉलोनी के लोगों ने सफाई व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त की कि प्रशंसा**

# स्वच्छता के लिए सदैव सजग होकर कार्य करें निगम के अधिकारी कर्मचारी - निगमायुक्त प्रीति यादव

**निगमायुक्त के द्वारा वॉटर प्लस के मिलान स्थल, सूपाताल, शाही तालाब, और बेस्ट कॉलोनी स्वास्तिक विला का निरीक्षण कर अधिकारियों दिये गए आवश्यक निर्देश**







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण के पूर्व शहर को व्यवस्थित और सुन्दर स्वरूप प्रदान करने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार दिनरात मेहनत की जा रही है। निगमायुक्त ने स्वच्छता के सभी मापदण्डों को जमीनी धरातल पर स्थाई रूप से उतारने तथा नागरिकों को सुविधाएॅं प्रदान करने की दिशा में भी लगातार प्रयासरत हैं और स्वच्छता टीम के सदस्यों के साथ निरीक्षण कर कार्यो की प्रगति की जानकारी लेने समीक्षा भी की जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिदिन शहर के अलग अलग क्षेत्रों में निरीक्षण कर स्वच्छता मापदण्डों के अनुरूप कराये जा रहे कार्यो को भी देखा जा रहा है और उसमें सुधार लाने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित भी किये जा रहे हैं आज भी निगमायुक्त श्रीमती यादव ने संभाग क्रमांक 1 के अंतर्गत विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य अमले को सदैव सजग रहकर स्वच्छता के कार्यो को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर निगमायुक्त श्रीमती यादव ने स्वास्तिक विला परिसर में जाकर वहॉं के लोगों से स्वच्छता संवाद किया और सफाई व्यवस्था के संबंध में फीड बैक लिया। फीड बैक में नागरिकों ने बताया कि यहॉं की सफाई व्यवस्था बहुत ही सुन्दर और व्यवस्थित है इसके लिए निगमायुक्त को रहवासी लोगों ने धन्यवाद दिया और निगमायुक्त को अपने बीच पाकर प्रसन्नता जाहिर की।

निरीक्षण के अवसर पर निगमायुक्त ने बताया कि संभाग क्रमांक 1 के वाटर प्लस वाला खंदारी एवं शाह नाला के मिलान के स्थल का निरीक्षण किया इसके साथ ही वाटर बॉडी सूपाताल, शाही तालाब एवं बेस्ट कॉलोनी स्वास्तिक विला परिसर तथा एफ.एस.टी.पी. प्लांट तिलवाराघाट के साथ कमर्शियल क्षेत्र तथा मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्वच्छता के मापदंड के अनुसार सफाई व्यवस्था के संबंध में जांच की गई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ब्रांडिंग, पेंटिंग, बोर्ड, हैंगिंग डस्टबिन लगाना के कार्य देखे गए तथा स्थल पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक को पर्याप्त सफाई रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, अर्जुन यादव, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रीतेश मासोडकर एवं वार्ड के सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# डीएआरएम ने किया कटनी मुड़वारा से बीना मालखेड़ी रेलखंड का निरीक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों में हो रहे पुनर्विकास कार्य की गति को देखने मण्डल रेल प्रबन्धक श्री कमल कुमार तलरेजा ने आज बुधवार को कटनी मुडवारा से बीना मालखेड़ी रेलखंड के मध्य ट्रैक, पॉइंट एंड क्रासिंग, समपार फाटक, कर्व एवं स्टेशनों का विशेष ट्रेन से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्ण करने तथा रेल संरक्षा एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीआरएम ने कटनी मुडवारा सहित दमोह एवं सागर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यो की प्रगति एवं पार्किंग, बिल्डिंग, रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया । इसके पश्चात सागर से बीना मालखेड़ी तक स्पेशल ट्रेन से विंडो निरीक्षण किया। मण्डल रेल प्रबन्धक ने कटनी मुडवारा दमोह एवं सागर स्टेशन पर (एबीएसएस) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्य के मॉडल एवं ले-आउट प्लान के सभी पहलुओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने स्टेशन पर हो रहे सर्कुलेटिंग एरिया के विकास एवं स्टेशन प्रवेश द्वार के विकास, आधारभूत संरचनाओं, के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से डीआरएम को अवगत कराया गया। निरीक्षण के उपरांत डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों को स्टेशनों पर भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत यात्री सुविधाओं तथा परिचालन संबंधी निमार्णाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआरएम के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री प्रिंस विक्रम, वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता श्री रामबदन मिश्रा, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरओ) श्री अक्षय कुमरावत, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) श्री संजय सिंह, वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त श्री मुनव्वर खान, वरिष्ठ मण्डल अभियंता (प.) श्रीमती दीप्ति शर्मा, मण्डल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्रीमती राजश्री द्विवेदी आदि पर्यवेक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## बिजली कंपनिया 30 जून अथवा 31 दिसंबर को सेवानिवृति के पश्चात अगामी तिथि पर वेतन-वृद्धि, एरियर्स का लाभ बर्ष 2023 के पूर्व के कर्मचारियों को भी दे- फेडरेशन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने मध्यप्रदेश शासन के अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई जी और सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालक गणों से आग्रह किया है कि पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा 30 जून और 31 दिसंबर की वेतन वृद्धि का जो आदेश जारी किया है उसका लाभ बर्ष 2023 के बाद के ही पात्र कर्मचारियों को मिलेगा। अत: इस आदेश में संशोधन कर यह लाभ बर्ष 2023 के पूर्व के कर्मचारियों को भी दिया जाएं। जिससे बर्ष 2023 के पूर्व के कर्मचारियों को वेतन वृद्धि और एरियर्स का लाभ मिल सके। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, वरिष्ठ नेता यू के पाठक, सुनील कुरेले,आर एस परिहार, दिनेश दुबे,केदारनाथ अग्निहोत्री, आई के अग्रवाल,सीताराम कुरचानिया, श्याम मोहन वर्मा, अनूप वर्मा, उमाशंकर दुबे,निर्मल शुक्ला, मोहन श्रीवास, सतीश गुप्ता, बसंत मिश्रा,विनय पाठक, बृजमोहन विश्वकर्मा,दिलीप पाठक,मनोज पाठक ने अन्य सभी बिजली कंपनियों के माननीय प्रबंध संचालक गणों से आग्रह किया है कि वे भी शीघ्र अपनी कंपनी में भी आदेश जारी करा दें जिससे संबंधित सभी कर्मचारियों को शीघ्र लाभ मिल जाएगा। अब सभी पात्र कर्मचारी, पेंशनर्स सीधे अपने कार्यालय में ही आवेदन प्रस्तुत करें। उनके आवेदन पत्र पर उनकी उक्त वेतन-वृद्धि कार्यालय द्वारा स्वीकृत कर पेंशन का पुन: निर्धारण किया जाएगा।

## एम.पी.ट्रांसको के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद आयोजन आज से

जबलपुर। एम.पी.ट्रांसको (मध्यदप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतरविभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे चरण के मुकाबले आज से प्रारंभ हो रहे हैं। 23 एवं 24 जनवरी को ज्योति क्लब स्थित प्रांगण में रामपुर, जबलपुर में दो दिवसीय इस आयोजन में एम.पी.ट्रांसको के जबलपुर, सिवनी, सागर, सतना स्थित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिक हिस्सा लेंगे। इसमें महिला-पुरूष की टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम एवं शतरंज मुकाबले एवं पुरूषों के कबड्डी व रस्साकशी के मुकाबले खेले जाएंगे। पारिवारिक महिला सदस्यों के लिए भी आयोजित होंगे खेल एम.पी.ट्रांसको में पहली बार कार्मिकों के पारिवारिक महिला सदस्यों के लिए खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बैडमिंटन, चम्मच दौड़, पिट्ठू एवं रस्साकशी स्पर्धा आयोजित की जा रही हैं।

## ठंड में पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान, आयोग ने संज्ञान लेकर कलेक्टर को दिये निर्देश




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिले की तहसील सिहोरा के विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कछपुरा में बोर सूख जाने के कारण ठंड में पिछले एक सप्ताह से ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिलने का मामला सामने आया हैं। नल जल योजना के माध्यम से लोगों को पीने के पानी की आपूर्ति करने वाले दोनों बोर सूख जाने के कारण गांव में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। इस कारण ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से परेशान होना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्?यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी तथा सदस्य राजीव कुमार टण्डन की युगलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराकर, गांव में पेयजल की वैधानिक अस्थायी व्यवस्था एवं नल जल योजना के उचित क्रियान्वयन को सुनिश्चित करवाये जाने के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

# कलचुरी क्लब का नववर्ष परिवारिक मिलन समारोह





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिवस न्यू भेड़ाघाट में कलचुरी क्लब द्वारा नववर्ष पर परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें क्लब के सदस्यों द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया।क्लब की महिलाओं व पुरुषों ने विभिन्न मनोरंजक गेमों में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर कलचुरी महासभा के अध्यक्ष मनोहर चौकसे उपस्थित थे।

कलचुरी महासभा के मीडिया प्रभारी कौशलेंद्र महाजन का सम्मान अध्यक्ष महोदय द्वारा किया गया।कार्यक्रम का सयोंजन राजीव चौकसे व कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया। मिलन समारोह में श्रीमति सीमा राजेंद्र राय,कल्पना श्रीचंद चौकसे, कल्पना कौशलेंद्र महाजन, रोजी संजय महाजन,निधि सूर्य प्रकाश राय,अर्चना राजेश पप्पू जायसवाल, हेमलता राजेन्द्र मालवीय, प्रीति संदीप चौकसे, साधना राकेश चौकसे,भावना संजय चौकसे, आशा देवेन्द्र चौकसे, जयश्री सुरेंद्र चौकसे, कुसुम संजय शिवहरे,मोनिका चंद्रप्रकाश मालवीय ने सपत्नीक भाग लिया। समारोह में डॉ व्ही के गुप्ता, रामप्रकाश चौकसे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर के दो कार्यालयों को मिला आईएसओ 9001 सर्टिफिकेशन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्यालय जबलपुर के दो कार्यालयों मुख्य अभियंता उत्पादन भंडार व मुख्य अभियंता संचालन संधारण-जल विद्युत को उत्कृष्ट मानदंडों का पालन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम 9001-2015 सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। मुख्य अभियंता (उत्पादन भंडार) कार्यालय को इन्वेंटरी प्रबंधन, स्क्रेप मैनेजमेंट व केन्द्रीय जीएसटी फाइलिंग हेतु यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। मुख्य अभियंता संचालन एवं संधारण-जल विद्युत कार्यालय को सभी जल जल विद्युत केन्द्रों के निर्बाध ऑपरेशन, निगरानी व मेंटेनेंस हेतु यह सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ। दोनों कार्यालय अंतराष्ट्रीय स्तर के मानदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के दो कार्यालयों को आईएसओ सर्टिफिकेशन होने पर प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कार्यालयों के समस्त अभियंताओं व कार्मिकों को शुभकामना व बधाई दी। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि ये कार्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार उच्चस्तरीय क्वालिटी मानदंडों का पालन करते हुए कार्य करेंगे।

# एक्सट्रा हाई टेंशन सब-स्टेशनों को रिमोट से संचालित करने एम.पी. ट्रांसको ने बढ़ाया पहला कदम





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने नवाचार करते हुये प्रदेश के कुछ चुनिन्दा 132 के.व्ही. ए.आई.एस (एक्सट्रा हाई टेंशन एयर इंसूलेटेड स्विच गेयर सबस्टेशनों) को रिमोट से संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने बताया कि एम.पी. ट्रांसको के जबलपुर स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन माढ़ोताल को रिमोट से नियंत्रण और संचालित किये जाने के कार्य का पहला चरण पूरा कर लिया गया है ।

श्री तोमर ने बताया कि यह प्रदेश का पहला ऐसा पुराना ए.आई.एस (एयर इंसूलेटेड स्विच गेयर) सबस्टेशन है जिसे मानवरहित आपरेशन करने की तकनीक के तहत रिमोट (नजदीक के 220 के व्ही सबस्टेशन जबलपुर) से नियंत्रित और संचालित किया जायेगा। इस माह सेवानिवृत्त हो रहे अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एस व्ही वझे को प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने सम्मान देते हुए 220 के व्ही सबस्टेशन जबलपुर से रिमोट आपरेशन का पहला क्लिक करने का गौरव दिया।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने इस सफलता के लिए एम पी ट्रांसको को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा प्रदेश के तीन पुराने सबस्टेशनों को रिमोट (मानव रहित सबस्टेशन) से संचालित करने का कार्य प्रयोग के तौर पर किया जा रहा है, जबलपुर ऐसा पहला सबस्टेशन है जहां इस प्रोजेक्ट का पहला चरण पूरा कर लिया गया है। अन्य सबस्टेशनों में भोपाल का 132 के.व्ही. सबस्टेशन अयोध्या नगर तथा इंदौर में 132 के.व्ही. सत्यसांई सबस्टेशन शामिल है, जिन्हें मानवरहित आपरेशन (रिमोट) से संचालित करने का कार्य प्रगति पर है।

एस.ए.एस. (सबस्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम) के इन सब स्टेशनों को एम.पी. ट्रांसको में नई टेक्नालॉजी के एडॉप्शन के तहत बनाया गया है। इस अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से जहां फाल्ट एनॉलिसिस शीघ्रता से हो सकेगा वहीं रिस्टोरेशन टाईम में भी कमी आयेगी।

इनहाउस डेवलप तकनीक ने किया काम आसान-

रिमोट ऑपरेशन के लिये एम.पी. ट्रांसको के ओ.पी.जी.डब्ल्यू (फायबर आप्टिक ग्राउंड वायर) सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। यह फाइबर आप्टिक नेटवर्क सिस्टम एम.पी. ट्रांसको द्वारा इनहाउस डेवलप किया गया है। एच.एम.आई. (ह्यूमन मशीन इंटरफेस) तकनीक के सहारे सबस्टेशन में रिमोट ऑपरेशन करने में सफलता हासिल हो सकी है।

एम पी ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री प्रवीण कुमार गार्गव और अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री मनीष खरे ने इस इनहाउस नवाचार की रुपरेखा तैयार करने और क्रियान्वयन करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**क्लिंकर में 27 प्रतिशत एवं कोल में 23 प्रतिशत अधिक किया माल लदान**

# गुड्स ट्रैफिक में लगभग 39 मिलियन टन माल लदान और 3878 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर मॉनेटरिंग में पश्चिम मध्य रेल पर गुड्स ट्रैफिक एवं कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पमरे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसम्बर तक गुड्स ट्रैफिक में 38.75 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और राजस्व 3878 करोड़ 40 लाख रूपये अर्जित किया है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल पर फ्रेट लोडिंग में कमोडिटी वाइज लोडिंग मुख्यत: 10 सामग्रियों का लदान किया जाता है, जिसमें 28 प्रतिशत सीमेंट, 19 प्रतिशत कोयला,13 प्रतिशत क्लिंकर, 13 प्रतिशत खाद्यान्न, 10 प्रतिशत खाद, 05 प्रतिशत आयरन ओर तथा 02 प्रतिशत कन्टेनर लोडिंग है, जो कि माल यातायात का कुल 90 प्रतिशत होता है। पमरे पर माल लदान के लिए 120 से भी अधिक गुड्स शेड एवं साइडिंग्स हैं। पश्चिम मध्य रेल ने अप्रैल से दिसम्बर माह तक कई कमोडिटी लोडिंग में बेहतर लोडिंग कर रेलवे द्वारा निर्धारित लक्ष्य को भी पार किया, जो इस प्रकार है।

क्लिंकर लोडिंग में 6.45 मिलियन टन का माल लदान और पिछले वर्ष 5.07 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 27.26 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई।

कोल लोडिंग में 8.61 मिलियन टन का माल लदान और पिछले वर्ष 6.99 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 23.21 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई। फर्टीलाइजर लोडिंग में 4.37 मिलियन टन का माल लदान और पिछले वर्ष 4.28 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 2.01 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई।

पीओएल ट्रैफिक (पेट्रोलियम, ऑइल एंड लुब्रीकेंट) में 0.61 मिलियन टन का माल लदान कर पिछले वर्ष 0.59 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 4.44 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई है।

कन्टेनर लोडिंग में 0.81 मिलियन टन का माल लदान और पिछले वर्ष 0.70 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 15.12 प्रतिशत अधिक लोडिंग हुई। पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात में फ्रेट लोडिंग और रेल राजस्व की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है।



नरसिंहपुर (आरएनएस)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नरसिंहपुर में राष्ट्रीय ध्वज एवं खेल ध्वज फहराकर ऑल इंडिया प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट का आयोजन सहयोग क्रीड़ा मण्डल गोटेगाँव और मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगाँव में 20 जनवरी से 23 जनवरी तक होगा। कार्यक्रम में सहयोग क्रीड़ा मण्डल के गठन से लेकर अब तक सहयोगी के रूप में शामिल वरिष्ठजनों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

जबलपुर दिन गुरूवार 23 जनवरी 2025 | दैनिक क्षितिज किरण | 3

उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में की जाएगी पूर्ण शराब बंदी -मुख्यमंत्री डॉ.यादव

# अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया माल्यार्पण



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी स्थित क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अवसर पर कहा कि आज अमर शहीद हेमू कालाणी का बलिदान दिवस है। उन्होंने मात्र 19 वर्ष की उम्र में स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हेमू कालाणी सहित अन्य क्रांतिकारियों के अथक प्रयासों से लगभग एक हजार साल का गुलामी का काल खत्म हुआ। हर शताब्दी में भारत माता की गोद में विदेशी आक्रंताओं से लड़ने वाले वीर शहीदों ने जन्म लेकर भारतीय संस्कृति की रक्षा कर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी को चरितार्थ किया है। अंग्रेजी आक्रंताओं ने भारत से धन लूटा। हमारे अमर शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर अंग्रेजों को देश से भगाकर इस लूट को रोका था।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान (1192) से 1947 तक हमारे देश का इतिहास निरंतर वीर शहीदों और शूरवीरों से सुसज्जित रहा है।

महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गोंड साम्राज्य, बाजीराव पेशवा, सिंधिया साम्राज्य, होलकर साम्राज्य सहित अन्य साम्राज्यों ने विदेशी आक्रंताओं से निरंतर लड़ाई लड़ी। मुगल और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारे मंदिरों एवं संस्कृति पर निरंतर आक्रमण किए। हमने अपने बाहुबल से इन घटनाओं का समयोचित तरीके से उत्तर सनातन संस्कृति तथा श्री चिंतामण गणेश, बड़ा गणपति महाराज, श्री कालभैरव, श्री मंगलनाथ महाराज और श्री सिद्धनाथ महाराज देवस्थानों को पुनर्स्थापित कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे इसके लिए उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में जल्द ही पूर्ण शराब बंदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संपूर्ण ध्यान धार्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को प्रदेश में बढ़ावा देने पर है। इससे प्रदेशवासियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और प्रदेश का चहुँमुखी विकास होगा।

अमर शहीद हेमू कालाणी- भारत माता के वीर सपूत

हेमू कालाणी एक ऐसे क्रांतिकारी थे जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सिंध के सुक्कुर में जन्मे हेमू कालाणी ने बहुत कम उम्र में ही देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने बचपन से ही विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह लोगों से किया। वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। हेमू कालाणी और उनके साथियों ने अंग्रेजी सेना के खिलाफ कई साहसिक कार्य किए। उन्होंने हथियारों से भरी रेलगाड़ी को पटरी से उतारने की योजना बनाई।

इस पर अंग्रेजी सरकार ने हेमू कालाणी को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें फांसी की सजा सुनाई। इस दौरान विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव सहित जन-प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

# मिशन मोड पर कार्य करने से मिलते हैं उत्कृष्ट परिणाम-उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## ग्वालियर के सिविल अस्पताल हजीरा का किया निरीक्षण



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि जब किसी कार्य को मिशन मोड में किया जाता है तो उसके अच्छे परिणाम प्राप्त होते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ग्वालियर के सिविल अस्पताल हज़ीरा निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की स्वच्छता की सराहना की और कहा कि यह अस्पताल सभी अस्पतालों के लिए एक उदाहरण है। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रक्त भंडारण इकाई, सीटी स्कैन रूम, नर्सिंग एरिया का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य प्रक्रियाओं के सेवा प्रदाय की स्थिति और विशिष्ट सेवाओं जैसे अल्ट्रासाउंड आदि में वेटिंग की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रसोई एरिया, नेत्र ऑपरेशन इकाई क्षेत्र और ओपीडी में बेड व्यवस्था का निरीक्षण किया। बाल गहन चिकित्सा इकाई और बाल ओपीडी की व्यवस्था के अवलोकन के साथ उन्होंने प्रसव व्यवस्था और नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के आग्रह पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सिविल अस्पताल को जिला अस्पताल का दर्जा दिए जाने की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि अस्पताल में उपलब्ध सभी सुविधाओं और आवश्यक मापदंडों पर एक विस्तृत रिपोर्ट विशेषज्ञों की उपस्थिति में तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यक मापदंडों की पूर्ति पर उन्नयन का कार्य अवश्य किया जाएगा।

# तहसील में बाबू ने महिला को जूतों से पीटा

भिंड (आरएनएस)। गोहद तहसील में बाबू का महिला को जूतों से मारने का वीडियो सामने आया है। जानकारी के अनुसार लोधे गांव की महिला किसी काम से तहसील कार्यालय पहुंची थी, जहां वह अपने काम के बारे में बाबू से बात कर रही थी। इसी दौरान दोनों की बहस हो गई और बाबू ने जूता निकालकर पीटना शुरू कर दिया। इसके साथ ही महिला को चांटे भी मारे।

इस पूरे मामले में एसडीएम पराग जैन ने कहा कि पिटाई का वीडियो मिला है। बाबू पर कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर कार्यालय भेजा गया है। पूरा मामला सोमवार की दोपहर का है। इस दौरान लोगों की भीड़ भी लग गई थी।

जानकारी के अनुसार, फरियादी महिला दीपा पत्नी राम अवतार जाटव (55) निवासी लोधे की पाली गांव से किसी सरकारी काम को लेकर तहसील कार्यालय पहुंची थी। महिला दीपा का आरोप है कि तहसील में पदस्थ बाबू नवल किशोर गौड़ ने उससे काम के बदले पैसे लिए थे, लेकिन फिर भी कार्रवाई नहीं कर रहा था। इसका विरोध किया और जोर-जोर से चिल्लाने लगी तो बाबू ने अपना आपा खो दिया और जूतों से पिटाई शुरू कर दी। विवाद बढ़ते ही नवल किशोर गौड़ ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर महिला के चेहरे पर थप्पड़ जड़ दिए। इतना ही नहीं, उसने हाथ में जूता लेकर महिला की पिटाई कर दी। इस दौरान महिला चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन आरोपी बाबू ने बेरहमी से उसकी पिटाई जारी रखी। घटना के बाद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार, महिला को गंभीर चोटें आई हैं और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी बाबू के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस घटना के बाद तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद सरकारी कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पीड़िता के परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपी बाबू पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस मामले में प्रशासन की भूमिका भी कटघरे में आ गई है। देखना होगा कि इस मामले में दोषी कर्मचारी पर क्या सख्त कदम उठाए जाते हैं।

# मुख्य सचिव जैन ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया



भोपाल (आरएनएस) मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में फरवरी माह में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन स्थल का निरीक्षण कर संबंधी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री जैन ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन में पधार रहे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आगमन और उनके कार्यक्रम के लिए किए जा रहे प्रबंधों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद हो और प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आयोजन स्थल पर ट्रैफिक प्रबंधन की व्यापक योजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने आमंत्रित वीआईपी और डेलीगेट्स को सुगमता से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्थित प्लानिंग करने के भी निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न सत्रों की व्यवस्थाओं, आयोजन स्थल पर तैयार की जा रही सुविधाओं, अलग-अलग सेक्टर्स और अतिथियों के लिए समुचित सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। समिट में देश-विदेश से आने वाले निवेशकों और प्रतिनिधियों का स्वागत और उनके लिए उचित प्रबंध तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों और निवेशकों को आयोजन के दौरान सकारात्मक अनुभव मिले, इसके लिए हर संभव व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यक्रम एवं आयोजन स्थल संबंधी सभी तैयारियां समय-सीमा में पूरी कर ली जाए। इस दौरान डीजीपी श्री कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र सिंह, एमडी म.प्र. औद्योगिक विकास निगम श्री चन्द्रमौली शुक्ल, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े, कमिश्नर भोपाल संभाग श्री संजीव सिंह, पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणचारी मिश्र, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

खजूरी कला बरखेड़ा बस्तियों के नागरिकों को वितरित किये अधिकार-पत्र

# भूमि स्वामी अधिकार-पत्र देकर बनाया मालिक-राज्य मंत्री श्रीमती गौर



भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के रहवासियों को भूमि स्वामी अधिकार-पत्र देने की धारणाधिकार योजना से नागरिक भूमि के मालिक बन गये हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले निवासरत नागरिकों का सर्वे किया गया था। सर्वे के आधार पर ऐसे रहवासी, जो 2014 के पूर्व जहां रह रहे थे, वहां उन्हें भूमि स्वामी का अधिकार-पत्र दिया गया है। निवास कार्यालय पर राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने खजूरी कला बरखेड़ा पठानी आदि बस्तियों के 61 रहवासियों को भूमि स्वामी अधिकार-पत्र वितरित किये। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जिन रहवासियों को भूमि स्वामी अधिकार-पत्र दिये गये हैं। इससे वे अपना आवास बनाने के लिये बैंक से ऋण ले सकते हैं। अपने घर का बिजली-पानी कनेक्शन आदि भी ले सकतें हैं। उन्हें अब किसी के द्वारा हटाये जाने का डर नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शहरी क्षेत्र के रहवासियों को यह सौगात दी गई है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि इस योजना में अब संशोधन कर 2019 तक के रहवासियों को भी शामिल किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में जो व्यक्ति 2019 तक जहां निवास कर रहा था, वहां का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के बाद उन्हें भी भूमि स्वामी अधिकार-पत्र प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर श्री सुरेन्द्र वाटिका, श्री वी.शक्ति राव, श्री नीरज सिंह, श्रीमती मधु सिबनानी, एसडीएम एमपी नगर श्री एल.के. खरे, तहसीलदार एमपी नगर श्री आलोक पारे, नायब तहसीलदार सुश्री शिवांगी खरे और भू-स्वामी अधिकार-पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राही उपस्थित रहे।

### सौरभ के ठिकानों से ईडी को मिले 12 लाख नकद और दस किलो चांदी

भोपाल (आरएनएस)। ईडी भोपाल ने विगत 17 जनवरी को सौरभ शर्मा के भोपाल, ग्वालियर और पुणे (महाराष्ट्र) में मौजूद ठिकानों पर छापों के दौरान लाखों की नकदी मिली है। परिवहन विभाग में आरक्षक रहे सौरभ शर्मा के इन तीन ठिकानों से ईडी ने 12 लाख रुपए की नकदी, लगभग 9.9 किलोग्राम चांदी (बाजार भाव 9.17 लाख रुपए), डिजिटल उपकरण और संपत्ति के कई दस्तोवज मिले हैं। ईडी ने सोमवार को एक्स पर इन छापों की अधिकृत जानकारी देकर बताया कि सौरभ शर्मा से जुड़े कई बैंक खातों में जमा 30 लाखा रुपए की राशि को भी पीएमएलए, 2002 के प्रावधान के तहत फ्रीज कर दिया है।

# विदिशा के दस लोग भोपाल में पंचायत सचिव बने

भोपाल।(आरएनएस)। मध्यप्रदेश में पहली बार दूसरे जिले में पंचायतकर्मियों की अनुकंपा नियुक्ति हुई है। विदिशा के दस युवा भोपाल में पंचायत सचिव बने हैं। ऐसी ही नियुक्ति अब प्रदेश की अन्य जिला पंचायत में होगी। अभी आधी से ज्यादा जिपं में पंचायत सचिवों के पद खाली है। सरकार ने पिछले साल पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में एक जिले से दूसरे जिले में अनुकंपा नियुक्ति देने का रास्ता साफकिया था।21 जून 2024 को विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में गजट नोटिफिकेशन भी हो चुका है। इसके बाद प्रदेश की सभी जिपं ने रिक्त पद की जानकारी पंचायत राज संचालनालय को भेजी थी। यानी, जिन जिलों में पद रिक्त नहीं है और वहां अनुकंपा नियुक्ति दी जाना है तो ये दूसरी जिपं में भी हो सकेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत कई जिलों में पद रिक्त हैं। ऐसे में यहां पर अनुकंपा नियुक्तियां दी जा रही है। पहले जिस जिले में पद खाली है, अनुकंपा नियुक्ति उसी जिले में होती थी। इससे अनुकंपा नियुक्ति लेने के लिए सालों तक युवा भटकते रहते थे। इससे उन्हें बेरोजगारी के दौर से भी गुजरना पड़ता था। सरकार के गजट नोटिफिकेशन के बाद किसी दूसरे जिले की अनुकंपा नियुक्ति देने वाली भोपाल जिला पंचायत पहली जिपं बना है। सीईओ ऋतुराज सिंह ने बताया कि भोपाल में कुल 11 युवाओं को अनुकंपा नियुक्ति दी जानी थी। इनमें से 10 को नियुक्ति देकर ग्राम पंचायतों में सचिव के पद पर नियुक्त किया है। भोपाल में सबसे पहली अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया की गई है।इन्हें मिली नियुक्ति:जिपं अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर, सीईओ सिंह और सदस्यों की मौजूदगी में दस युवाओं को नियुक्ति संबंधी आदेश दिए गए। इनमें रूद्रेश रघुवंशी, प्रदीप कुमार रघुवंशी, अनुपमा तिवारी, अरबाज खान, शैलेंद्र बघेल, मनोज कुमार शर्मा, नेहा गुप्ता, अभय बघेल, अनुराधा शर्मा और प्रशांत बघेल शामिल हैं। इस दौरान सीईओ सिंह ने युवाओं से बात भी की। इस मौके पर जनप्रतिनिधि दीपक गुर्जर, अनिल हाड़ा, सुरेश सिंह राजपूत, सहायक परियोजना अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव आदि भी मौजूद थे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के हुए 10 वर्ष पूर्ण

## 22 जनवरी से 8 मार्च तक पूरे प्रदेश में होगी विभिन्न गतिविधियाँ

भोपाल(आरएनएस) बेटे बचाओ-बेटी पढ़ाओ पहल बेटियों के उत्थान में मील का पत्थर साबित हुई है। बुधवार 22 जनवरी 2025 को इस पहल के 10 वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। इस अवसर पर महिला बाल विकास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रात- 1-30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की सशक्त वाहिनी पर एक फिल्म का भी प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के राज्य, जिला एवं ब्लाक स्तर पर सभी अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे। प्रदेश में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं की दसवीं वर्षगांठ पर 22 जनवरी से 8 मार्च 2025 तक सभी जिलों में विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पहले सप्ताह में 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता, सैनिटरी पैड का वितरण, स्कूलों और कॉलेजों में सेनिटरी पैड मशीन की स्थापना, जेंडर सेन्सिटाइजेशन, गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर आम नागरिकों को जागरूक किया जायेगा। दूसरे सप्ताह में वन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से वृक्षारोपण, महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक और साइकिल रैली आदि का आयोजन होगा। तीसरे सप्ताह में स्कूल में बालिकाओं को प्रवेश दिलाने के लिए नामांकन अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा आकांक्षी जिलों में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत किशोरी बालिकाओं के लिए जागरूकता अभियान एवं नामांकन अभियान का आयोजन होगा। इसी प्रकार चौथे, पाँचवे और छठे सप्ताह में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पंचायत राज और ग्रामीण विकास विभाग के साथ समन्वय कर महिला हेल्पलाइन-181 और चाइल्ड हेल्पालाइन 1098 का प्रचार एवं जागरूकता, जिला अधिकारियों, केन्द्रीय कार्यालयों एवं महिला थानों पर बालिकाओं का भ्रमण तथा महिलाओं पर केन्द्रित कानून और भारतीय न्याय संहिता में महिला केन्द्रित प्रावधानों पर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही जिला स्तर पर 2023-24 के मेरिट सूची में प्रथम से दसवें स्थान तक प्राप्त करने वाली छात्राओं का सम्मान किया जायेगा।

मंत्री सारंग ने तृतीय दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

# खेलों के प्रति अभिभावकों की सकारात्मक सोच से आयेगा बदलाव - मंत्री सारंग

भोपाल (आरएनएस) सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को मध्यप्रदेश शूटिंग एकेडमी, भोपाल में तृतीय दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने शूटिंग अकादमी में नवनिर्मित रिसेप्शन भवन और स्टाफ क्वार्टर एवं मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी में बने स्टॉफ क्वार्टर और अस्तबल का लोकार्पण भी किया।

मंत्री श्री सारंग ने स्व. श्री दिग्विजय सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि स्व. श्री दिग्विजय सिंह एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने 1999 से 2010 तक एनआरएआई (नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष के रूप में शूटिंग खेल को प्रोत्साहन देने के लिए सराहनीय कार्य किए। उनकी स्मृति में आयोजित यह चैंपियनशिप प्रदेश के खिलाड़ियों को नई प्रेरणा और बेहतर अवसर प्रदान करेगी।

खेलों के प्रति अभिभावकों की सकारात्मक सोच से आयेगा बदलाव

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। उन्होंने युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि खेलों से जुड़ाव उन्हें एक बेहतर भविष्य प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि खेलों में युवाओं को आकर्षित करने के लिए अभिभावकों को अपनी सोच में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। उन्हें यह विश्वास दिलाना होगा कि खेलों में उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित है। इसके लिये विभाग द्वारा अनेक कार्यक्रम एवं योजनाएं प्रारंभ की गई है, जिसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे।

मध्यप्रदेश में खिलाड़ियों के लिये विश्व स्तरीय खेल अधोसंरचना

मंत्री श्री सारंग ने शूटिंग में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के शूटिंग खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक एवं पैरालंपिक में पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है कि भारतीय ओलंपिक शूटिंग टीम के खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किए हैं। यह उपलब्धि प्रदेश की खेल अधोसंरचना और हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। खेल और खिलाड़ियों के विकास के प्रति यह प्रतिबद्धता ही मध्यप्रदेश को खेलों का उत्कृष्ट केंद्र बना रही है। मंत्री श्री सारंग ने चैंपियनशिप में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

## एचएमपीवी वायरस की दहशत

कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला। दूसरा आठ महीने का शिशु इससे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों से पता चला गंभीर तीव्र सन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई। सरकार की संक्रमण के मामलों पर गंभीर नजर बताई जा रही है। कोविड-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के पांच सालों बाद एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आ गई। एचएमपीवी संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है। संक्रमित के खांसने-छींकने, छूने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। इस संक्रमण की खोज 2001 में की जा चुकी है। यह रेस्पेरेटरी संकाइटियल वायरस के साथ न्यूमोविरिडे का भी हिस्सा बताई जा रही है। चीन समेत नीदरलैंड, फिनलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में इसके संक्रमित मिल चुके हैं। भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने वायरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को भी कहा है। विशेषज्ञ इसे अभी जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं जो छोटे बच्चों में आम है। जिन्हें अस्थमा है या फेफड़ों से संबंधी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें चेतावनी दी गई है।

# क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व को मिल पाएगी तीसरे विश्वयुद्ध से मुक्ति?

दुनियावी चक्रब्यूह में निरंतर घिरते जा रहे अमेरिका ने जब यौद्धिक %चंद्रायण व्रत% की बात कही तो सहसा विश्वास नहीं हुआ! वहीं, दुनिया के थानेदार की मजबूरी, दूरदर्शिता और खुदगर्जी भी स्पष्ट महसूस हुई। क्योंकि लगातार किसी न किसी सांसारिक संघर्ष में उलझकर थक-हार चुके देश अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विक्ट्री रैली में विक्ट्री स्पीच देते हुए जो कुछ संकेत दिया, उसका सार-सत्य यही है कि अपने लोगों के बेहतर भविष्य के लिए अमेरिका अब तीसरा विश्व युद्ध नहीं लड़ना चाहता है और इसकी बची-खुची संभावनाओं को भी जल्द खत्म करने की हिमायत करेगा।

इसलिए सवाल उठ रहा है कि क्या अमेरिका के स्वर्णिम दौर में शेष विश्व को तीसरे विश्वयुद्ध से मुक्ति मिल पाएगी? या फिर यह किसी अन्य देश यथा- चीन या रूस के मार्फ़त अन्य देशों पर थोपी जाएगी, जिससे प्रथम विश्वयुद्ध की भांति अमेरिका दूर रहेगा। यूं तो दूसरे विश्वयुद्ध के शुरुआती चरण में भी अमेरिका इस महायुद्ध से दूर ही रहा था, लेकिन जब मजबूरी वश उसमें शामिल हुआ तो युद्ध के परिणामों को अपने गुट पक्ष में बदल दिया।

वहीं, उसकी मौजूदा साफगोई से भी इसी बात का पता चलता है कि अभी भले ही वह तीसरा विश्वयुद्ध नहीं लड़ना चाहता हो, लेकिन यदि उस पर तीसरा विश्वयुद्ध थोपा गया तो इसके भी परिणाम बदलने की क्षमता उसमें है और रही-सही कसर को पूरा करने के लिए ही वह %मेक अमेरिका ग्रेट अगेन% पर फोकस करना चाहता है। कहा भी गया है कि अग्र सोची, सदा सुखी। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने अपना नया रास्ता चुन लिया है। अब शेष विश्व को यह तय करना है कि वह आगे क्या करेगा। इस नजरिए से भारत की राह भी स्पष्ट है। जो अमेरिका से अब एक हद तक मिलती जुलती है।

कहना न होगा कि समकालीन विश्व में कभी जल के सवाल पर, कभी तेल के प्रश्न पर, कभी रूसी कीप एंड बैलेंस की नीतियों से, तो कभी चीनी विस्तारवादी रणनीतियों से और कभी दुनिया के देशों पर शासन करने की इस्लामिक देशों की सामूहिक महत्वाकांक्षा से अभिप्रेरित तृतीय विश्वयुद्ध की अमूमन दस्तक देता रहता है। जानकार बताते हैं कि यूएसए और यूएसएसआर के बीच शीत युद्ध की समाप्ति के बाद भले ही अमेरिका ने दुनिया की थानेदारी की, लेकिन अमेरिकी नेतृत्व वाले %नाटो% को अब जिस तरह से रूस और चीन मिलकर %ब्रिक्स देशों% के मार्फ़त घेर रहे हैं, उससे तीसरा विश्वयुद्ध अवश्यम्भावी प्रतीत होता है।

आपने देखा होगा कि कभी मिडिल-ईस्ट देशों में, तो कभी क्वाड देशों के अगुवा के तौर पर अमेरिका की भूमिका अक्सर संदेह के घेरे में रही है। वहीं, रूस-यूक्रेन विवाद के युद्ध में तब्दील हो जाने के बाद अमेरिकी दुविधा को लेकर और उसकी नवपरिवर्तित आर्थिक नीतियों को लेकर यूरोपीय संघ के कुछ देशों, यथा- जर्मनी-फ्रांस-इंग्लैंड आदि के द्वारा जिस तरह से उसके नेतृत्व पर सवाल उठाए जाने लगे हैं, इससे अमेरिकी चिंता बढ़नी स्वाभाविक है। वहीं, ग्रीन लैंड द्वीप को खरीदने, पनामा नहर पर पुनः अमेरिकी प्रभुत्व स्थापित करने, मेक्सिको के समीप दीवार खड़ा करने, कनाडा को अमेरिका में मिलाने आदि को लेकर जो अमेरिकी सक्रियता दिखी है, उससे अमेरिकी-यूरोपीय महाद्वीपों में हलचल स्वाभाविक हैं। यदि एशिया महाद्वीप की बात करें तो यहां चीन-रूस की जोड़ी अमेरिका पर हावी है। भारत को साथ लेकर अमेरिका यहां संतुलन साधना चाहता है, लेकिन भारत-रूस की पुरानी मित्रता यहां आड़े आ जाती है। वहीं, अफगानिस्तान-पाकिस्तान-बंगलादेश-म्यांमार-श्रीलंका आदि भारत के पड़ोसी देशों को लेकर और जम्मूकश्मीर से तिब्बत तक के विवादों को सुलझाने की दिशा में अमेरिका की %क्षुद्र रणनीतियों% की वजह से भारत भी उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पा रहा है। वहीं, उत्तर कोरिया, ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, दक्षिण चीन सागर से जुड़े देशों और आशियान देशों के प्रति अमेरिका की जो ढुलमुल रणनीति रही है, उससे भी भारत चिंतित रहता है। या फिर अरब देशों पर आधिपत्य को लेकर जो अमेरिकी रणनीति रही है, उससे भी भारत परेशान रहता है। भारत इजरायल के निकट है, लेकिन अरब देशों को भी नाराज करने की स्थिति में वह नहीं है। जबकि ईरान से लेकर यूक्रेन तक में अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो की जो भूमिका रही है, सीरिया से लेकर यूक्रेन तक जो अमेरिकी रणनीति रही है, इससे भारतीय कूटनीति भी प्रभावित होती आई है। यही वजह है कि यदि अमेरिका अपनी पुरानी शस्त्र व्यापार कूटनीति पर अडिग रहता है तो तीसरा विश्वयुद्ध अवश्यम्भावी है। वहीं, इधर देखा जा रहा है कि जर्मनी-फ्रांस, भारत-जापान, ईरान-तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया-ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका-इंग्लैंड, कनाडा-मैक्सिको आदि पर नाटो का प्रभाव जहां कम हुआ है, वहीं ब्रिक्स देशों के नेतृत्वकर्ता चीन-रूस का रणनीतिक दबाव बढ़ा है। ऐसे में अमेरिकी महत्वाकांक्षाओं को काबू में रखने में ही अमेरिका की भलाई है। शायद दुनिया के विभिन्न देशों की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षाओं के चलते ही अमेरिका ने अब अपने को कछुए की भांति निज कवच में ही महफूज रहने की रणनीति अपना ली है, जो उसका दूरदर्शिता भरा कदम है।

## एल.पी.जी. रिसाव से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए दिशानिर्देश जारी

महाकुम्भ मेले के दौरान श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा एल.पी.जी. सुरक्षा पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें विभागीय अधिकारियों, एल.पी.जी. वितरकों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों, और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान एलपीजी के रिसाव से हो रही दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए।

इन निर्देशों का करना होगा पालन

1. सिलेण्डर की जांच अनिवार्य- एल.पी.जी. सिलेण्डरों की लिकेज जांच तकनीकी सहायकों द्वारा की जाएगी। लिकेज मिलने पर सिलेण्डर की आपूर्ति रोक दी जाएगी।

2. सुरक्षा उपकरणों का उपयोग- उपभोक्ताओं के गैस सिलेण्डर, पाइप और रेगुलेटर की जांच कर, मानक के अनुसार न होने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिए गए। 3. आकस्मिकता से निपटने की तैयारी- मेला क्षेत्र में तकनीकी सहायकों की टीमों को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगी। 4. गैस आपूर्ति का नियमन- मेला क्षेत्र में अधिकतम 100 किग्रा गैस तक ही भण्डारण की अनुमति होगी। हर आपूर्ति वाहन का पूरा विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा।

घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्ती

गोष्ठी में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य एवं रसद विभाग ने सभी एल.पी.जी. वितरकों और अधिकारियों को मेला क्षेत्र में गैस आपूर्ति की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में यह तय किया गया कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी।

## उम्मीद से अधिक हुई फसल सुनहरे कल की उम्मीदों पर पानी फेर देती है

झारखंड के लातेहार जिले में बालूमाथ और बारियातू के इलाके दो किस्म के टमाटर की खेती के लिए मशहूर हैं-एक है मोटे छिलके वाला गुलशन जिसका इस्तेमाल सब्जी विशेष तौर पर सलाद के रूप में किया जाता है। वहीं सलेक्शन नामक किस्म के टमाटर के छिलके की परत नरम होती है। इसका इस्तेमाल सब्जी, चटनी और टोमैटो कैचअप के लिए किया जाता है। कुछ साल पहले तक टमाटर की लाली यहां के किसानों के गालों पर भी लाली लाती थी, लेकिन इस साल हालत यह है कि फसल तो बंपर हुई लेकिन लागत तो दूर, तोड़ कर मंडी तक ले जाने की कीमत तक नहीं निकल रही। रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदग्गा में जिन किसानों ने टमाटर उगाए या फिर पत्ता या फूल गोभी या फिर पालक, वे ट्रैक्टर से रौंद कर अपनी खड़ी फसल खुद ही चौपट कर रहे हैं। गोभी के दाम हैं दो से चार रु पये तो टमाटर के हैं दो रु पये। इतने में तुड़ाई भी निकलती है, फिर मंडी तक कौन ले जाए। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के हरवाई गांव में सुर्ख लाल टमाटर की फसल पर रोटवेलर चला कर गेहूं बोए जा रहे हैं। यहां किसानों ने 15 हजार रु पये बीघा पर खेत किराये पर लिए, फिर टमाटर बोए। पिछले महीने तो 400 रुपये क्रेट (25 किलो) एक बार बिका। फिर दाम 60 से 100 रु पये क्रेट गिर गए। अब 30 रु पये क्रेट तुड़ाई, 15 रु पये मंडी के पल्लेदार को, फिर परिवहन। आखिर, किसान कितना घाटा सहे! मध्य प्रदेश के बड़वानी में टमाटर मवेशी खा रहे हैं। दिल्ली और उसके आसपास भले ही बाजार में टमाटर के दाम 40 रुपये किलो हों लेकिन टमाटर उगाने के लिए मशहूर देश के विभिन्न जिलों में टमाटर कूड़े में पड़ा है। छत्तीसगढ़ के टमाटर किसान तो जलवायु परिवर्तन की अजब मार झेल रहे हैं, और उन्हें फसल खेत में नष्ट करनी पड़ रही है। दुर्ग जिले में पहले तो चक्रवाती तूफान के चलते कोई 15 दिन बदली हुई, फिर अचानक जाड़ा बढ़ गया। इससे टमाटर तेजी से पकने लगे। जब पके टमाटर की आवक ज्यादा हुई तो दाम गिर गए। यहां प्राय- इतनी ठंड पड़ती नहीं। अब टमाटर समय से पहले पक रहे हैं, न तोड़ो तो गिर जाते हैं। मजबूर किसान फसल नष्ट कर रहा है। करीबी राज्य तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के हालात भी अलग नहीं हैं। यहां मेडक के शिवमपेट में टमाटर की तैयार फसल को आग लगाने की सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं। विदित हो टमाटर 15-27 डिग्री के बीच के तापमान में सबसे अच्छे से उगते हैं तथा इसके लिए माकूल औसत मासिक तापमान 21-23 होता है। 32 डिग्री से अधिक तापमान फल लगने और उसके विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। दक्षिणी राज्यों में जलवायु परिवर्तन से प्रभावित टमाटर की खेती में सफेद फंगस और पत्ती में छेद करने वाले कीट की दिक्कत ने पहले से ही कीटनाशक का खर्च बढ़ाया था। फसल अच्छी हो गई तो बाजार में दाम नहीं मिलने से किसान कर्ज में दब गया। हालांकि न तो यह पहली बार हो रहा है, और न ही टमाटर के साथ हो रहा है। उम्मीद से अधिक हुई फसल सुनहरे कल की उम्मीदों पर पानी फेर देती है-घर की नई छप्पर, बहन की शादी, माता-पिता की तीर्थ-यात्रा; न जाने ऐसे कितने ही सपने वे किसान सड़क पर कैश क्रॉप' कहलाने वाली फसल के साथ फेंक आते हैं।

## सिद्धबली मंदिर में दर्शन मात्र से पूरी होती है मनोकामना, गुरु गोरखनाथ से जुड़ा है मंदिर का इतिहास

हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। हनुमान जी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हैं। मंगलवार का दिन हनुमान जी को अतिप्रिय है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक जो भी जातक मंगलवार के दिन हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपनी कोई मनोकामना पूरी करना चाहते हैं, तो आपको उत्तराखंड के कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, उत्तराखंड के कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली मंदिर में दर्शन करने मात्र से भक्तों की सभी मुरादें पूरी होती हैं। वहीं श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने के बाद लोग मंदिर में भंडारा करवाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। पौराणिक कथा के मुताबिक गोरखनाथ को भगवान शंकर का अवतार माना जाता है। उनको भक्ति आंदोलन का जनक भी माना जाता है। कहा जाता है कि गोरखनाथ को उत्तराखंड के कोटेद्वार में सिद्धि प्राप्त हुई थी। इसकी वजह से उनको सिद्धबाबा कहा जाता है।

## विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान

गिरीश चन्द्र पाण्डे

इस बार 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन 8-10 जनवरी, 2025 तक ओडिशा सरकार के साथ साझेदारी में किया गया। भुवनेर में संपन्न इस 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में 75 देशों से लगभग छह हजार भारतवंशियों ने शिरकत की।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने इस मौके पर लैंगिक समानता और महिला विकास को भारत की विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अभिन्न अंग बताया। उनका यह कहना भी सही था कि ओडिशा में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मेजबानी केंद्र सरकार की पूर्वोदय' नीति को दर्शाती शर्ती है, जो पूर्वी भारत के विकास और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करती है।

गौरतलब है कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन केंद्र सरकार का महत्त्वकपूर्ण कार्यक्रम है, जिसे 9 जनवरी को महात्मा गांधी के 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

दरअसल, प्रवासी भारतीय सम्मेलन की अवधारणा पूर्व प्राधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मस्तिष्क की उपज थी जिसकी शुरु आत उन्होंने 17 वर्ष पहले की थी। वाजपेयी को उस वक्त प्रवासी भारतीयों की बहुत याद आई जब 1998 में पोखरण में परमाणु विस्फोट के बाद अमेरिका और उसके साथी देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिया था। भारत ने इस मुसीबत से छुटकारा पाने के लिए विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय से अनुरोध किया कि वह भारत की मदद करें ताकि भारत को अमेरिका और उसके साथी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का कम से कम असर पड़े।

वाजपेयी का यह संदेश राजदूतावासों और उच्चायोग के माध्यम से प्रवासी भारतीयों तक पहुंचाया गया। परिणाम यह हुआ कि भारत के कोष विदेशी मुद्रा से भर गए। गौर करने योग्य है कि भारत 2010 (53.48 बिलियन डॉलर), 2015 (68.91 बिलियन डॉलर) और 2020 (83.15 बिलियन डॉलर) में प्रेषण प्राप्त करने वाला शीर्ष देश था। विश्व प्रवासन रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022 में भारत को 111 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रेषण प्राप्त हुआ जो विश्व में सबसे अधिक है और इस प्रकार भारत 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला पहला देश बन गया था।

इस बार के सम्मेलन का विषय था-विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान'। राज्य सरकार ने युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय के सहयोग से आयोजन किया था।

## नमामि गंगे के पवेलियन में काफी संख्या में आ रहे पर्यटक, श्रद्धालु व दर्शक


महाकुम्भ-2025 में नमामि गंगे मिशन द्वारा प्रयागराज में स्थापित नमामि गंगे पवेलियन में प्रतिदिन काफी संख्या में दर्शकों आ रहे हैं। यह पवेलियन गंगा नदी की स्वच्छता और संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने का अभिनव माध्यम बन चुका है। इस पवेलियन की शुरुआत इंटरएक्टिव बायोडायवर्सिटी टनल से होती है, जो आगंतुकों को गंगा की जैव विविधता और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव कराती है। आधुनिक प्रोजेक्शन तकनीक से सुसज्जित यह टनल गंगा के तटों पर रहने वाले पक्षियों की चहचहाहट और जीवनदायिनी गंगा की महत्ता को दर्शाती है।

पवेलियन का मुख्य आकर्षण डिजिटल प्रदर्शनी है, जिसमें गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों को रोचक और शिक्षाप्रद तरीके से प्रदर्शित किया गया है। प्रयाग मंच,जो गंगा-यमुना और उनकी सहायक नदियों के रियल-टाइम डेटा का प्रदर्शन करता है, यह भी यहां का प्रमुख आकर्षण है। इस मंच पर नदी के जल स्तर, स्वच्छता और प्रदूषण से संबंधित आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं। पवेलियन में गंगा के किनारों पर किए गए रिवरफ्रंट डेवलपमेंट और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली को भी दर्शाया गया है।

## युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने 'तीसरा विश्व युद्ध' रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'मैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।' निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है। अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है। ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। भावनाओं में बहकर बिना सोचे-समझे किसी के साथ प्रॉमिस न करें। किसी रिश्तेदार की व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने में आपका योगदान रहेगा।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। यह समय प्रेम भाव से अपना काम बनाने का है ऐसे में किसी से भी वाद-विवाद करने से बचे। आज किसी भी यात्रा का प्रोग्राम न बनाएं,

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दूसरे का विश्वास न तोड़ें। हर काम ईमानदारी से करते रहें। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज जीवन में एक नया दृष्टिकोण लेकर आएंगे, जिससे आपमें सकारात्मक बदलाव आएगा। आर्थिक स्थिति में अच्छे बदलाव रहेंगे। ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपका विरोश कर सकते हैं, सबके साथ ताल-मेल बनाकर रखें।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ुशियों से भरा रहने वाला है। दूसरों की बातों में आने की बजाय खुद के विवेक से कम लेना होगा, इससे आप बेहतर निर्णय ले पाएंगे।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक व्यस्तता बनी रहेगी। विभिन्न स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। परंतु किसी भी प्रकार का डिसीजन लेने से पहले उस पर अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे।


वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता से दूसरो को प्रभावित करेंगे। आज दोस्तों के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मेहनत और व्यवस्थित रहने से व्यवसायिक समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी। अगर सरकारी काम रुका हुआ है, तो किसी अधिकारी की मदद से पूरा हो जाएगा।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि:आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं, इससे समाधान मिलेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे,

मीन राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग नया व्यापार शुरू किये है या नौकरी जॉइन किये हैं उनके लिए अनुकूल



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि भारत को बाहर से नहीं बल्कि अंदर से खतरों का सामना करना पड़ रहा है और उन्होंने देश में इस प्रचार की आलोचना की कि हिंदू खतरे में हैं। पार्टी कार्यालय जम्मू में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि आज भी देश इसे आगे बढ़ाने के लिए हमसे बलिदान मांगता है। अगर हम ऐसा नहीं कर सके तो हम भारत को नहीं बचा पाएंगे। भारत को बाहर से नहीं बल्कि देश के अंदर से खतरा है। घर को हमेशा कोई अंदर वाला ही नुकसान पहुंचाता है,



### मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेलगावी में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया, कहा

# संविधान की रक्षा हमारी जिम्मेदारी

बेलगावी (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी में सुवर्ण विधान सौध के परिसर में महात्मा गांधी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर, विधान परिषद के सभापति बसवराज होरट्टी, राष्ट्रीय संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल, कर्नाटक कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य नेता मौजूद रहे।

यह कार्यक्रम उस ऐतिहासिक अवसर की शताब्दी का प्रतीक है, जब महात्मा गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का पद संभाला था और ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम शुरू किया था।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कर्नाटक सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय राज्य के लिए सम्मान लाता है। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने देश को स्वतंत्रता दिलाई। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और बाबासाहेब बीआर अंबेडकर के कार्यकाल के दौरान संविधान अस्तित्व में आया।

उन्होंने कहा, संविधान की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। संविधान के बिना देश में अराजकता फैल जाएगी।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हाल ही में कई नेता महात्मा गांधी की प्रशंसा कर रहे हैं। उनका योगदान, बलिदान और काम सराहनीय है। 1924 में महात्मा गांधी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। यह पहली और आखिरी बार था जब उन्होंने इस पद को संभाला था। कार्यकाल पूरा करने के बाद उन्होंने फिर कभी इस पद को स्वीकार नहीं किया।

खड़गे ने आगे कहा कि महात्मा गांधी ने छुआछूत के खिलाफ और देश के निर्माण के लिए नारे दिए थे। बेलगावी ने देश में सम्मान का स्थान अर्जित किया है क्योंकि यहीं पर गांधी जी ने एआईसीसी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला था। यह शहर राष्ट्रीय गौरव का स्रोत है। मैं प्रतिमा के अनावरण का अवसर पाकर आभारी हूं।।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि मैं अपने गृहनगर कलबुर्गी में भी ऐसी ही एक प्रतिमा स्थापित करने की योजना बना रहा हूं।

कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, यह अवसर उन अनगिनत वीरों को याद करने का है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह लोगों को सामाजिक न्याय, जो हमारे संविधान और मानवता की आधारशिला है, की याद दिलाने का भी एक दुर्लभ अवसर है। यह दिन हमें एक सामंजस्यपूर्ण और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा, गांधीजी के सिद्धांतों और विचारधाराओं को दरकिनार करके एक मजबूत भारत का निर्माण असंभव है। हमारी यात्रा के इस चरण में, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सभी नागरिकों को संविधान का पालन करके अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए।

उन्होंने कहा, गांधी की विचारधाराओं को आत्मसात करना ही देशभक्ति का सबसे सच्चा रूप है। समाज में सबसे हाशिए पर पड़े लोगों को प्यार से गले लगाना उनका आदर्श था। हम नफरत से अपने बच्चों को भी नहीं जीत सकते। प्यार से हम दुनिया को जीत सकते हैं, यही महात्मा गांधी का संदेश है। यूटी खादर ने रामायण का हवाला देते हुए कहा, हमें भगवान राम जैसा बेटा चाहिए, जो सत्ता का त्याग कर दे; सीता जैसी पत्नी चाहिए, जो अपने पति के साथ खड़ी हो; लक्ष्मण जैसा भाई, जो मुश्किल समय में अपने भाई का साथ दे; और भरत जैसे लोग, जो अपने भाई की वापसी का इंतजार करें। यह महात्मा गांधी का राम राज्य का सपना था। यूटी खादर ने प्रियंका गांधी वाड्रा को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक के लोगों की ओर से मैं इस कार्यक्रम में आपका तहे दिल से स्वागत करता हूं। आप नारी शक्ति का प्रतीक हैं, न



कानपुर (धनंयज त्रिवेदी)। कल्याणपुर में यूनिवर्सिटी गेट के बाहर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने राजू दास का पुतला दहन किया। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष ठा. सौरभ सिंह के नेतृत्व में राजू दास का पुतला दहन किया गया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से आए लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं।

# भगवान श्री परशुराम मंदिर में दीपोत्सव पर्व

कानपुर (धनंजय त्रिवेदी)। श्री रामलला मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 जनवरी 2025 दिन बुधवार को सुंदरकांड पाठ,प्रसादी वितरण एवं दीपोत्सव का आयोजन भगवान श्री परशुराम मंदिर बरुआ खुर्द चौबेपुर कानपुर नगर में मनाया गया बरुआ खुर्द मां गंगा के पावन तट पर बसा है मां गंगा के पावन तट पर परम बीतरागी संत श्री श्री 1008 स्वामी ज्ञानाआश्रम जी की तपस्थली है स्वामी जी के समय में यहां श्री उड़िया बाबा,श्री करपात्री जी महाराज, श्री



नारायणा स्वामी कैलासवासी आदि महान संत स्वामी जी के पास आया करते थे आज के वृंदावन के रसिक संत श्री प्रेमानंद महाराज जी अक्सर बरुआ घाट और महाराज जी का वर्णन किया करते हैं,आश्रम के पास 400 वर्ष प्राचीन शीतलेश्वर महादेव मंदिर है जहां आजतक कोई खाली नहीं गया,पास में संकटमोचन हनुमान मंदिर है और गाँव की रक्षा के लिए मां संदोहन भगवान श्री परशुराम मंदिर के पास विराजमान हैं। इस कार्यक्रम में जय प्रकाश मिश्रा सवर्ण आर्मी टीम प्रदेश सचिव विवेक अग्निहोत्री जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी एडवोकेट विजय सिंह अशोक परिहार भगवा पोस्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत पांडे अनिल बाजपेई समस्त गांव के लोग उपस्थित रहे।

### महाकुंभ : श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, बेहतर व्यवस्था के लिए पीएम मोदी, सीएम योगी का आभार जताया

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रयागराज में लगे महाकुंभ में गंगा और यमुना का संगम सिर्फ दो नदियों का नहीं, बल्कि सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का भी संगम है। देश-दुनिया से आने वाले लाखों-करोड़ों लोग यहां रोजाना संगम के तट और निर्मल गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बन रहे हैं।

वही संगम क्षेत्र में पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि इस बार पीएम मोदी और सीएम योगी ने जिस तरीके से यहां पर व्यवस्था की है, वह बहुत अच्छी है। सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर सभी व्यवस्थाएं काफी अच्छी की गई हैं। 144 साल बाद आए इस महाकुंभ में स्नान करके हम धन्य महसूस कर रहे हैं।

श्रद्धालु मनोज ने कहा कि यहां पर अच्छी व्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। 144 साल बाद यह महाकुंभ आया है। इस महापर्व पर स्नान करके मैं खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं। हम लोगों से भी यहां आने की अपील करते हैं। सरकार की ओर से सभी व्यवस्थाएं अच्छी की गई हैं।

महिला श्रद्धालु करुणा ने कहा कि इस बार की व्यवस्था शानदार है। ऐसा पहले कभी नहीं किया गया। इसके लिए मैं सीएम योगी और पीएम मोदी का आभार जताती हूं।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा का कर्नाटक के बेलगावी पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

### मोदी की गांरटी का मतलब हर गांरटी पूरा होने की गांरटी, दिल्ली भाजपा ने शेयर किया पोस्टर

नई दिल्ली ी (आरएनएस)। दिल्ली के चुनावी दंगल में पोस्टर वॉर जारी है। दिल्ली बीजेपी ने एक नया पोस्टर जारी कर अपनी गारंटियों को जनता के सामने रखा है। दिल्ली भाजपा ने माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, मोदी की गारंटी का मतलब है, हर गारंटी पूरा होने की गारंटी

पोस्ट में आगे लिखा, दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। 500 रुपये में सिलेंडर और होली-दीवाली पर 1-1 फ्री दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं को 21 हजार रुपये और 6 पोषण किट दिए जाएंगे। झुग्गीवालों को 5 रुपये में पौष्टिक भोजन मिलेगा। 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों को 10 लाख रुपये का मुफ्त इलाज, निशुल्क ओपीडी मिलेगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख रुपये का मुफ्त में इलाज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों को 2500 रुपये पेंशन, विधवा, बेसहारा और बुजुर्गों को बतौर पेंशन तीन हजार रुपये मिलेंगे। वहीं भाजपा ने वादा किया है कि मौजूदा कल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी और हम दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएंगे।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के प्रचार में राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से लगे हैं। सभी पार्टियां सड़क से लेकर सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में प्रगति यात्रा के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए.

# न्यायसंगत कर प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं तथा उद्योग एवं सेवा क्षेत्र राजस्थान की अर्थव्यवस्था में तीन-चौथाई योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन दोनों क्षेत्रों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक ले जाने के संकल्प को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधियों के सुझावों का समुचित परीक्षण के पश्चात आगामी बजट 2025-26 में शामिल करने के हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, व्यापार, कर सलाहकार संघों एवं सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ दो सत्रों में आयोजित बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक वृद्धि से अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के साथ ही, लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही साल में राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन, आर्थिक क्षेत्र के लिए नवीन नीतियां लागू करना, बड़े निवेश समझौते करना जैसे निर्णय किए, जिससे राज्य में आर्थिक दिशा को एक नई गति मिली।

राजस्थान बन रहा बड़े अवसरों की भूमि शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से आज राजस्थान औद्योगिक विकास, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन जैसे सभी क्षेत्रों में एक विशेष पहचान बना रहा है। प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों से एमएसएमई के पंजीकरण तेजी से बढ़ रहे हैं।

पिछले एक साल में करीब 5 लाख सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के पंजीकरण हुए हैं तथा एमएसएमई इकाइयों के पंजीयन में राजस्थान का चौथा स्थान है। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान अब बड़े अवसरों की भूमि बन रहा है। सौर एवं पवन ऊर्जा उत्पादन में भी प्रदेश अग्रणी राज्य बन गया है। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अल्प अवधि में ही कुशल वित्तीय प्रबंधन के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया है, जिसके फलस्वरूप 2024 में जीएसडीपी की वृद्धि दर 12.56 प्रतिशत दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के पूंजीगत व्यय को भी 65.94 प्रतिशत बढ़ाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 लाई गई है, जिससे प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।



### छत के लिए लगाए गए पीईबी स्ट्रक्चर, सभी स्टेशन बॉक्सों ने लिया आकार

# बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के पांचों स्टेशनों की छत बनकर तैयार

कानपुर मेट्रो के कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत लगभग 5 किलोमीटर लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन का सिविल निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उक्त सेक्शन के सभी पांच स्टेशन; बारादेवी, किदवई नगर, वसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता के सिविल ढांचे अब तेजी से अपना अंतिम स्वरूप लेते दिख रहे हैं। आज इस सेक्शन के सभी स्टेशनों के प्री इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीईबी) स्ट्रक्चर या दूसरे शब्दों में कहें तो प्लेटफॉर्म की छतों का परिनिर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। इसके साथ ही अब शहरवासियों को बारादेवी से नौबस्ता तक सभी स्टेशन बॉक्सों की रूपरेखा स्पष्ट दिखाई देने लगी है। बता दें कि बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के सभी स्टेशनों के प्लेटफॉर्म लेवल की ढलाई का कार्य पिछले साल सितम्बर में पूरा कर लिया गया था। इसके बाद प्लेटफॉर्म की छतों के लिए प्री इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीईबी) स्ट्रक्चर के परिनिर्माण का कार्य आरंभ हुआ। साथ-साथ ही स्टेशनों के कॉनकोर्स लेवल या प्रथम तल पर तकनीकी कक्षों के निर्माण और फ्लोरिंग का काम भी तेजी से बढ़ता रहा।

पीईबी संरचनाओं की खूबियां


प्री इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीईबी) संरचनाओं की एक विशेषता है कि ये प्लेटफॉर्म पर बीच में किसी पिलर के बिना ही बड़े क्षेत्र को कवर करने में सक्षम होते हैं। पीईबी संरचना की डिजाइन लागत प्रभावी होने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल भी है। इन संरचनाओं में ट्रांसलूसेंट या पारदर्शी शीट का प्रयोग होने से प्लेटफॉर्म पर सूर्य की प्राकृतिक रोशनी दिन भर बनी रहती है। कृत्रिम रोशनी का कम से कम प्रयोग होने से बिजली की बचत होती है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक श्री सुशील कुमार ने कहा कि, कानपुर मेट्रो पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए सभी एलिवेटेड स्टेशनों पर नवीकरणीय या अक्षय ऊर्जा के प्रावधान सुनिश्चित कर रहा है। बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के पांचों स्टेशनों को भी प्रायोरिटी कॉरिडोर के तर्ज पर डिजाइन किया गया है जिससे सूर्य की ऊर्जा का अधिक से अधिक इस्तेमाल हो सके। सभी स्टेशनों के प्लेटफॉर्म की छत के निर्माण में प्री इंजीनियर्ड बिल्डिंग (पीईबी) स्ट्रक्चर का प्रयोग किया गया है। ये स्ट्रक्चर डिजाइन के साथ-साथ सौंदर्य, पर्यावरण और लागत की दृष्टि से भी बेहद अनुकूल हैं।"

वर्तमान में, लगभग 24 किमी लंबे कॉरिडोर-1 (आईआईटी-नौबस्ता) के अंतर्गत कानपुर मेट्रो की यात्री सेवाएं 9 किमी लंबे



प्रॉयरिटी कॉरिडोर (आईआईटी-मोतीझील) पर चल रहीं हैं। कॉरिडोर-1 के बैलेंस सेक्शन यानी चुन्नीगंज से नौबस्ता तक चल रहे निर्माण कार्य के अलावा लगभग 8.60 किमी लंबे कॉरिडोर-2 (सीएसए-बर्रा 8) का निर्माण कार्य भी तेजी से बढ़ रहा है।



बॉलीवुड को कई साल पहले छोड़ चुकीं एक्ट्रेस नम्रता शिरोडकर आज 53 साल की हो चुकी हैं। मुंबई में जन्मी नम्रता साउथ सुपरस्टार महेश बाबू से शादी करके लाइमलाइट से दूर ही रहती हैं। नम्रता शिरोडकर पहली बार साल 1993 में सुर्खियों में आई थी। जब उन्होंने मिस इंडिया का ताज पहना था। हालांकि, वो मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भी पाँचवें स्थान पर रही थीं।

# ऑफ शोल्डर ड्रेस में अवनीत कौर ने दिखाई दिलकश अदाएं



अवनीत कौर ने छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत कर फैंस के बीच अच्छी-खासी पॉपुलैरिटी हासिल की है। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेहद ही सिजलिंग अंदाज में फोटोशूट करवाया है। उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट एंड सेक्सी अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

अवनीत कौर की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने व्हाइट कलर का ऑफ शोल्डर आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बाल को कर्ली लुक में स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

अवनीत कौर की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख 70 हजार से ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिए हैं। एक यूजर ने एक्ट्रेस अवनीत कौर की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो स्वीट एंड लवली। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस लुक। तीसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट।

## साउथ फिल्म मार्को ने रचा इतिहास, बनी ऐसी पहली मूवी, एक-एक सीन पर कांप उठेगी रूह

साउथ सिनेमा फिल्म इंडस्ट्री पर एक बार फिर कब्जा करता दिख रहा है. बॉलीवुड से कंटेंट और एक्शन के मामले में बहुत आगे जा चुका साउथ सिनेमा अब पीछे मुड़कर नहीं देखने वाला है. टॉलीवुड (तेलुगू), कॉलीवुड (तमिल), सैंडलवुड (कन्नड़) और मॉलीवुड (मलयालम) 21वीं सदी में एक से एक धांसू फिल्म दे रहे हैं. इसकी बड़ी शुरुआत एस.एस राजामौली की तेलुगू फिल्म बाहुबली- द बिगनिंग से हुई थी. इसके बाद से साउथ सिनेमा हिंदी पट्टी के दर्शकों के लिए मास एंटरटेनर बन गया है. अब मलयालम सिनेमा की इस फिल्म ने इतिहास रच दिया है. इस फिल्म को देखने के बाद किसी की भी रुह कांप उठेगी. 145 मिनट की इस फिल्म का नाम मार्को है, जिसे महज 30 करोड़ रुपये के बजट में बनाया

# मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं: अक्षरा सिंह

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री अक्षरा सिंह खुद को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जिम में खूब पसीना बहा रही हैं। इसकी झलक उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में दिखाई।

अक्षरा सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर निजी और काम से जुड़े पोस्ट साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर वर्कआउट की तस्वीरें साझा करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है।

चार तस्वीरों में से दो में अक्षरा जिम में पसीना बहाती हैं, तो दो में खुली छत पर एक्सरसाइज करती नजर आईं।

तस्वीरों के अलावा, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर फिटनेस ट्रेनर मसरूफ अहमद के एक वीडियो को साझा किया, जिसमें वह प्लैंक एक्सरसाइज करती दिखाई दीं। अभिनेत्री 10 किलो के प्लेट के साथ प्लैंक करती नजर आईं।

भोजपुरी फिल्मों में कमाल के अभिनय के साथ अभिनेत्री बेहतरीन गायिका भी हैं। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह महाकुंभ के महत्व को अपने गाने के साथ बताती नजर आईं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, हिमालय से आते मुनि रमाते संगम में धूनी। अक्षरा सिंह ने महाकुंभ के लिए एक खास गाना तैयार किया है। गाने की पहली झलक अभिनेत्री ने 16 जनवरी को सोशल



मीडिया पर साझा की थी। लेटेस्ट वीडियो में अभिनेत्री 'महाकुंभ में डुबकी लगाओ' नाम के गाने को गाती भक्ति-भाव में डूबी नजर आईं।

## इमरजेंसी की कमाई में उछाल, नहीं बढ़ी अजय देवगन की आजाद की कमाई

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की ज्यादातर लोगों ने तारीफ की है, वहीं इस फिल्म में कंगना की अदाकारी की भी खूब तारीफ हो रही है। वो बात अलग है कि कमाई के मामले में यह फीकी पड़ गई है। इसकी शुरुआत कुछ खास नहीं रही। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में इजाफा जरूर हुआ, लेकिन इससे फिल्म को कुछ खास फायदा मिलता नजर नहीं आ रहा है। उधर अजय देवगन की फिल्म आजाद का हाल-बेहाल है। सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेंसी ने पहले दिन 2.35 करोड़ रुपए कमाए थे और दूसरे दिन इसकी कमाई में मामूली इजाफा हुआ। रिलीज के दूसरे दिन इसने 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह 2 दिन में कंगना की इस फिल्म ने भारत में कुल 6.61 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। यह कलेक्शन देख उम्मीद की जा रही है कि रविवार यानी तीसरे दिन भी फिल्म की कमाई में अच्छा उछाल आ सकता है। कंगना के खाते में पिछले 10 साल से एक भी हिट फिल्म नहीं आई है। साल 2015 में रिलीज हुई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स उनकी आखिरी हिट फिल्म थी। इसके बाद आई लव न्यू यॉर्क, कट्टी बट्टी, रंगून और सिमरन बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं।

2019 में आई फिल्म मणिकर्णिका बॉक्स ऑफिस पर औसत साबित हुई। इसके बाद कंगना जजमेंटल है क्या, पंगा, थलाईवी, धाकड़ और तेजस में दिखीं, लेकिन ये तमाम फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुईं. कंगना की इमरजेंसी रिलीज से पहले ही काफी विवादों में छा गई थी। इस फिल्म में कंगना ने पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है, वहीं फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, मिलिंद सोमन, महिमा चौधरी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक सहित कई कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म की निर्माता-निर्देशक और लेखक कंगना ही हैं। 25 करोड रुपये के बजट में बनी यह फिल्म कंगना के करियर के लिए बेहद अहम है। इमरजेंसी के सामने पर्दे पर उतरी आजाद ने पहले दिन जहां 1.50 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वहीं, इसने दूसरे दिन भी करीब 1.50 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है।

# देवा का एक्शन, ड्रामा और स्टाइल से भरपूर ट्रेलर रिलीज, पुलिस या माफिया, दुश्मनों को ठिकाने लगा रहे शाहिद कपूर

आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली हैं, जिनका इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है। इन्हीं में से एक है देवा, जिसके हीरो हैं शाहिद कपूर।

इस फिल्म से अब तक शाहिद के जितने भी पोस्टर सामने आए हैं, वो दर्शकों को बेहद पसंद आए हैं, वहीं इसके टीजर ने भी खूब धमाल मचाया था।

अब देवा का ट्रेलर दर्शकों के बीच आ गया है।

देवा के ट्रेलर में एंग्री यंगमैन वाला शाहिद का अवतार ध्यान खींच रहा है। उनका यह खतरनाक अवतार आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। इसमें जहां शाहिद अपने धुआंदार एक्शन से गर्दा उड़ा रहे हैं, वहीं उनका स्वैग भी देखने लायक है। ट्रेलर देख लगता है कि फिल्म में खूब ड्रामा भी देखने को मिलने वाला है।

दिल दहला देने वाले अवतार के साथ शाहिद दिल जीत लेते हैं। उनके धमाकेदार डांस ने ट्रेलर में और जान डाल दी है। फिल्म का ट्रेलर देख एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा, तबाही मचाएगा, जब देवा आएगा। एक लिखते हैं, भाई इसके लिए तो हाउसफुल हो जाना चाहिए।

शाहिद की एक फैन लिखती हैं, हैरानी होती है कि कोई इतना हुनरमंद कैसे हो सकता है। बेस्ट एक्टर, बेस्ट डांसर, बेस्ट एक्शन हीरो और सबसे स्मार्ट हीरो।

कुछ लोगों को ट्रेलर देख शाहिद की फिल्म कबीर सिंह की याद आ गई। उन्होंने कहा कि ये भी इसकी तरह ब्लॉकबस्टर होगी।

देवा की एक और खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की धरोहर को दिखाया गया है. शाहिद इस फिल्म में उस पुरानी आभा को अपने आधुनिक अंदाज में पर्दे पर दिखाने वाले हैं, जो फिल्म को एक अलग ही स्तर पर लेकर जाएगा।

देवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस एक्शन थ्रिलर में शाहिद के साथ पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं।

देवा बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखाती है, यह तो आने वाला वक्त की बताएगा। बहरहाल, शाहिद के खाते में 2 और फिल्में हैं, जिन पर खूब चर्चा हो रही है।

वह निर्देशक विशाल भारद्वाज की एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। एक्शन फिल्म अर्जुन उस्तरा में दोनों साथ दिखाई देंगे, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। शाहिद के खाते से फिल्म अश्वत्थामा भी जुड़ी है।

## विश्वक सेन स्टारर लैला का पहला सिंगल सोनू मॉडल रिलीज़

विश्वकसेन की आगामी फिल्म लैला, जो 14 फरवरी, 2025 को रिलीज़ होगी, रोमांस और एक्शन का एक अपरंपरागत मिश्रण का वादा करती है। राम नारायण द्वारा निर्देशित और शाइन स्क्रीन के तहत साहू गरपति द्वारा निर्मित, लैला का पहला सिंगल, सोनू मॉडल, ने अपने संगीत अभियान की शुरुआत कर दी है। विश्वकसेन द्वारा लिखा गया यह ऊर्जावान वाइब एंथम उनके चरित्र के आकर्षण और चुलबुले स्वभाव को दर्शाता है। लियोन जेम्स द्वारा रचित, सोनू मॉडल की आकर्षक धुनें और नारायण रविशंकर और रेशमा श्याम द्वारा जीवंत स्वर सोनू की चुंबकीय लोकप्रियता को दर्शाते हैं। विश्वकसेन के गतिशील डांस मूव्स और भव्य फिल्मांकन ने गीत को एक दृश्य दावत बना दिया है, जो लैला के लिए मंच तैयार करता है. लैला में अनुभवी तकनीशियन हैं, जिनमें वासुदेव मूर्ति की पटकथा, रिचर्ड प्रसाद की छायांकन, ब्रह्मा कदली का कला निर्देशन और लियोन जेम्स की संगीत रचना शामिल है।

# सप्ताह में तीन दिन भूलकर भी ना खरीदें और पहनें नए कपड़े, ज्योतिष से जानें कैसे हो जाता है भाग्य खराब



शॉपिंग करना और नए कपड़े पहनना हम सभी को बहुत पसंद होता है, लेकिन अगर हम सही दिन का चुनाव ना कर यह कार्य करें तो परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है. नए कपड़े हमें निगेटिव एनर्जी सफलता की उम्मीद बहुत कम होती है. लेकिन अगर दिन का चुनाव सही हो तो कपड़े न सिर्फ सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह लाते हैं बल्कि सौभाग्य भी लेकर आते हैं.

नए कपड़े पहनने के लिए मंगलवार और शनिवार और रविवार को सबसे अशुभ माना जाता है. अगर आप शॉपिंग पर जाने का प्रोग्राम बना रहे हैं तो शुक्रवार का दिन सबसे अच्छा माना जाता है. इसके पीछे कारण यह है कि शुक्र को धन, ऐश्वर्य और सुख, वस्त्र का कारक माना जाता है. शुक्रवार को नए कपड़े खरीदने और पहनने पर शुक्र देव खुश होते हैं और उनकी विशेष कृपा होती है. बुधवार, गुरुवार, और शुक्रवार को नए कपड़े पहनना शुभ माना जाता है. सोमवार को मध्यम शुभ माना जाता है.

शनिवार, रविवार, और मंगलवार को नए कपड़े न पहनने की वजहें...

शनिवार को नए कपड़े पहनने से शनिदेव रूष्ट हो जाते हैं, इस दिन नए कपड़े पहनने से ग्रह दोष भी लगता है और धन हानि होती है.

रविवार को नए कपड़े पहनने से सूर्य ग्रह के दोष की संभावना बढ़ जाती है और मंगलवार को नए कपड़े पहनने से गुस्सा अधिक बढ़ता है और विवाद की आशंका बढ़ती है.

अगर किसी वजह से इन दिनों नए कपड़े पहनने पड़ें, तो इन उपायों को जरूर अपनाएं...

नए कपड़े पर पानी में थोड़ा नमक मिलाकर छींट मार दें.

नए कपड़े को किसी और को पहनाकर फिर खुद पहनें. बुधवार, गुरुवार, और शुक्रवार को नए कपड़े पहनना शुभ माना जाता है.

नये कपड़े बहुत साफ होने चाहिए

अगर खरीदा गया नया कपड़ा पूरी तरह से साफ नहीं है तो यह आपके लिए अशुभ होगा. कई बार नए कपड़ों पर स्याही, कालिख, कीचड़, गोबर या किसी भी तरह की गंदगी लगी होती है जिससे हमें बचना चाहिए. फटे और जले हुए कपड़े न पहनें क्योंकि इसमें राहु का वास माना जाता है. इसके अलावा बिना धुले नए कपड़े पहनने से बुध ग्रह नाराज हो जाता है. बिना धुले कपड़े पहनने से बीमारियां और स्किन इंफेक्शन का भी खतरा रहता है.

पुराने कपड़े कभी न फेंके

जब हमारे कपड़े पुराने हो जाते हैं तो हम उन्हें फेंक देते हैं लेकिन हमें ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए. पुराने कपड़ों को फेंकने की बजाय उन्हें दान कर देना चाहिए.

# बदबूदार सांसों से छुटकारा दिलाएंगे ये 10 घरेलू नुस्खे, डॉक्टर के मुताबिक आठवां तरीका सबसे आसान



मुंह की बदबू एक ऐसी समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान हैं. बदबूदार सांस कई कारण हो सकते हैं जैसे कि ठीक से ब्रश न करना, खाना खाने के बाद ठीक से मुंह न धोना, स्मोकिंग करना या तंबाकू खाना शामिल है. सांसों की बदबू से परेशान लोगों का सेल्फ कॉन्फिडेंस कम हो जाता है. चार लोगों के बीच में वे ठीक से बात नहीं कर पाते हैं. ऐसे में अगर आप भी ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं? तो इसका काफी आसान और सस्ता घरेलू इलाज है. इस खबर के माध्यम से जानें क्या है यह सस्ता घरेलू इलाज...

1.ग्रीन टी-इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टिरियल तत्व मुंह की बदबू को कम करने में सक्षम होते है.

2.मुलेठी-मुलेठी को प्रतिदिन चबाने से मुंह का स्वास्थ्य बेहतर होता है, साथ ही मुंह से बदबू आने की समस्या भी कम होती है. मुलेठी चबाने से मुंह का स्वास्थ्य बेहतर होता है

3.लौंग-लौंग को भी मुंह के स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन माना जाता है. इसे हल्का भूनकर चबाने या मुंह में रख कर चूसते रहने से मुंह की दुर्गन्ध दूर होती है.

4.पुदीना-पुदीने के पानी से कुल्ला करने या पुदीने की पत्ती को चबाने से भी मुंह की दुर्गन्ध दूर होती है.

5.सौंफ-सौंफ का सेवन ना सिर्फ मुंह की बदबू को दूर करने में मददगार होता है, बल्कि पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद होता है. सौंफ मुंह की बदबू को दूर करने में मददगार

6.सूखा धनिया-सूखे धनिये को बेहतरीन मुखवास माना जाता है. इसे मुंह में रखकर चबाने से मुंह की दुर्गन्ध दूर हो जाती है.

7.तुलसी-प्रतिदिन तुलसी की पत्ती चबाने से भी मुंह की बदबू दूर हो जाती है. मुंह की बदबू भगाने के लिए तुलसी की पत्ती चबाएं

8.नमक के पानी से कुल्ला-प्रतिदिन गर्म पानी में नमक डालकर कुल्ला करने से मुंह की दुर्गन्ध कम होती है और गले में संक्रमण की आशंका कम हो जाती है.

9.अमरूद की पत्तियां-अमरूद की पत्तियां औषधीय गुणों से भरपूर होती है. साथ ही उन्हें चबाने से मुंह की दुर्गन्ध कम होने के साथ ही मुंह के छालों में भी आराम मिलता है.

10.अनार का छिलका-आप अनार का छिलका भी मुंह की बदबू को दूर करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए अनार के छिलके को पानी में उबालकर उस पानी से कुल्ला करें.

ध्यान देने वाली बात...

मुंह से दुर्गन्ध आना कई गंभीर बीमारियों के लक्षण भी हो सकते हैं. इसलिए यदि सांसों से बदबू के अलावा नाक बहने तथा बलगम वाली खांसी के साथ बुखार आए, गले में छाले हो और मसूड़ों में दर्द या उनसे खून निकले, तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए...

## शब्द सामर्थ्य -303

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 302 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना घमापुर मे रात्रि श्रीमती रिंकी चौधरी उम्र 32 वर्ष निवासी झामनदास चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम लगभग 7 बजे अपने बेटे यश चौधरी उम्र 13 वर्ष के साथ अपनी मॉ गोमती बाई के घर छोटी खेरमाई के पास कांचघर गयी थी तभी बड़े पिताजी का लडका विनय चौधरी आया और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो विनय उसके साथ गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर डंडे से उसके सिर में मार दिया उसकी मां तथा बेटा बीच बचाव करने लगीं



निरीक्षण के दौरान संभागीय अधिकारी और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक के द्वारा-गंदगी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गयी

# बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह ने अंधमूक बाईपास क्षेत्र का निगम अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण - वर्षा जल निकासी की व्यवस्था करने संभागीय अधिकारी को दिये निर्देश





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जल प्लावन की समस्या से नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए आज बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह के द्वारा संभाग क्रमांक 1 के तहसीलदार रश्मि चौधरी, संभागीय अधिकारी कृष्णपाल सिंह रावत, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक प्रीतेश मसोड़कर, स्वच्छता निरीक्षक अनूप पटेल, राम कोरी, अक्षय कोरी, उपयंत्री मयक पाण्डेय, सुपरवाइजर वेंकट नारायण आदि के साथ अंधमूक बाईपास क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री सिंह ने संभागीय अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यहाँ पर बारिश के दौरान वर्षाजल का भराव हो जाता है जिसके कारण लोगों को परेशानियाँ होती है इसलिए यहाँ वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएँ।

## बिट्टू ढाबा पर लगाया 20 हजार रूपये का जुर्माना

वार्ड के निरीक्षण के दौरान संभागीय अधिकारी कृष्णकांत राव और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक प्रीतिश मसोड़कर ने देखा कि बिट्टू ढाबा के संचालक द्वारा वहाँ गंदगी फैलाई जा रही है, जिसपर उनके द्वारा 20 हजार रूपये का स्पॉट फाइन किया गया।

# नया बाजार मार्केट के विषयों पर निर्णय करेंगी निगमायुक्त

**सभी व्यापारियों के साथ बैठक आज - व्यापारियों से बैठक में उपस्थित रहने की अपील**

जबलपुर। नगर निगम स्वामित्व की नया बाजार मार्केट की दुकानों में किये गए अतिरिक्त निर्माण के नियमितिकरण के संबंध में आज दिनांक 23 जनवरी 2025 को निगमायुक्त प्रीति यादव व्यापारियों के साथ बैठक कर निर्णय करेंगी। इस संबंध में बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया है कि आज दिनांक 23 जनवरी 2025 को अपरान्ह 12:00 बजे से मानस भवन के स्मार्ट सिटी कार्यालय के मिनी हॉल में व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने सभी व्यापारियों से उपस्थित हरने की अपील की है।



# कांग्रेस नेताओं ने की पूर्व मंत्री उमर सिंगार से मुलकात

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री उमर सिंगार जी का म.प्र. के महू में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली 27 जनवरी की जय संविधान रैली की तैयारी को लेकर के जबलपुर नगर आगमन पर सर्किट हाउस में कांग्रेस परिवार के सरदार दलवीर सिंह जस्सल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक विभाग के नेतृत्व में कांग्रेस नेता सुमन जैन, राजकुमार जैन, संजय वर्मा, अतुल जोसफ कृष्णा गुप्ता, राजू यादव, हाजी हामिद खान,संजय जैन प्रभु ,मोहित वर्मा टीकाराम कोष्टा अलीम मंसूरी श्याम सोलंकी, शाकिर कुरैशी आदि ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत कर सौजन्य भेंट की।

# रीवा से आनन्द विहार टर्मिनल के मध्य एक्सप्रेस ट्रेन दोनों दिशाओं में दो-दो ट्रिप निरस्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला 2025 के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिचालनिक आवश्यकताओं के कारण कई ट्रेनों के टर्मिनल में परिवर्तन, मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशानआंशिक रूप से निरस्त/शॉर्ट टर्मिनेट एवं निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रीवा-आनन्द विहार टर्मिनल-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन को दोनों दिशाओं में दो-दो ट्रिप निरस्त करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्न है।

प्रारम्भिक तिथियों से निरस्त रेलगाड़ी - गाड़ी संख्या 12428 आनन्द विहार टर्मिनल-रीवा एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन आनन्द विहार टर्मिनल से दिनांक 28 जनवरी 2025 एवं 02 फरवरी 2025 को निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12427 रीवा-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से दिनांक 29 जनवरी 2025 एवं 03 फरवरी 2025 को निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /रेल मदद 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

# मध्य प्रदेश में लागू हो केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा योजना- बाल कांग्रेस



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी करते हुए दिल्ली के सरकारी शिक्षण संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया है। अब यह घोषणा ने अन्य राज्यों में भी चर्चा का विषय बना गई है और अब मध्य प्रदेश में भी इसे लागू करने की मांग जोर पकड़ रही है।

जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के बाल कांग्रेस अध्यक्ष शिशांत अजय सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग करते हुए कहा है कि दिल्ली की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी सरकारी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा की योजना लागू की जानी चाहिए। शिशांत ठाकुर का कहना है कि भाजपा ने जो घोषणा की है उसे मध्य प्रदेश में मध्य प्रदेश सरकार इसे लागू किया जाता है तो इस कदम से जरूरतमंद बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। गरीब और जरूरतमंद बच्चों को भी पढ़ाई का समान अवसर मिला सकेगा। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारने की सख्त जरूरत है, ताकि गरीब बच्चे भी फ्री में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें और उनका भविष्य उज्ज्वल हो।

ठाकुर ने हाल ही में जबलपुर के महाराजपुर स्थित ज्ञानगंगा स्कूल की घटना का जिक्र किया, जहां फीस जमा न कर पाने के कारण छात्रों के साथ मारपीट की गई। उन्होंने कहा, ऐसे मामले शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियों को दिखाते हैं। अगर सरकार जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा देगी, तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। बाल कांग्रेस ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों को दिल्ली के मॉडल स्कूलों की तर्ज पर विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि राज्य सरकार मुफ्त शिक्षा की योजना को लागू करने के लिए जल्द कदम उठाए और गरीब छात्रों के लिए शिक्षा के समान अवसर सुनिश्चित करे।

# केन्द्रीय विद्यालय एक में परीक्षा पे चर्चा के पूर्व जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आज

तालिब हुसैन

जबलपुर. भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षा पे चर्चा के पूर्व आयोजन के रूप में जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. आज नेताजी सुभाषचंद्र की जयंती पराक्रम दिव के अवसर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1 जी.सी.एफ. में सुबह दस बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होग. प्राचार्य रजनीश सिंघई ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 7 केंद्रीय विद्यालयों, 2 राज्य सरकार के स्कूलों और 5 निजी स्कूलों के कुल 100 विद्यार्थी भाग ले रहे है. कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राए इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों के ज्ञान को बढ़ावा देना और उन्हें भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और कार्यो से अवगत करवाना है.सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा शुरू किये गए 'भारत है हम' सीरीज की वीडियो दिखाकर विद्यार्थियों से इस वीडियो पर आधारित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण किया जाएगा और प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा.

शिक्षाक आनन्द स्वरूप के मुताबिक सभी प्रतिभागियों को सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे.

# कूड़े की फातेहा का आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इस्लाम धर्म के अनुयायी हज. इमाम सादिक रज़ि. की सालाना फातेहा का आयोजन मुस्लिम कौमी एकता परिषद के जिला अध्यक्ष बब्लू कुरेशी द्वारा मंडी मदार टेकरी में किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के मुन्ना मिठाई, चांद कुरेशी, हाजी निजाम, स्डुठ्स्त्र अब्दुल्लाह खान, हाजी निजाम, असलम बाबा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

भैंसासुर रोड पर लगाये गये यूनिष् यूनिपोल संचालक की कार्यअवधि को 14 अप्रैल 2025 से पृथक किया जायेगा। नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव से चर्चा हुई

# यूनीपोल तथा होर्डिंग की जांच हेतु पाच सदस्यीय समिति घोषित की गई इलाहाबाद बैंक चौराहे पर यूनीपोल हादसे में तत्काल नोटिस जारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देशानुसार 24 घंटे यो यूनीपोल तथा होर्डिंग कशी पंध हेतु पांच सदस्यीय समिति 21 भीतर जनवरी को घोषित कर दी गई है। इसमें प्रशांत गोटिया अध्यक्ष तथा इंजी. कमलेश श्रीवास्तव, इंजी. भूपेन्द्र सिंह, सागर बोरकर तथा अंकित भौधरी इन्हें शामिल किया गया है। समिति को अवैध, नियम विरुद्ध, यातायात में बाधक, दुर्घटना संभावित क्षेत्र में यूनिपोल तथा होर्डिंग के संबंध में शिकायत चिन्हित होर्डिंग की जांच नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। महापौर के अनुसार समिति को 15 दिन के भीतर प्रतिवेदन देना है। यह जानकारी देते हुए नगर निगम आयुक्त प्रीति चौधरी ने बताया कि इलाहाबाद बैंक चौचाल पर हुए युनिपोल हादसे के संबंध में दीपक एडवरटाईजिंग को 20 जनवरी को नोटिस भेज कर 24 घंटे के भीतर जबाय मांगा गया था जिस पर दीपक एडवरटाईजर ने 21 जनवरी को जयाच देकर कहा है कि 15 जनवरी से 19 जनवरी तक एक आयोजन का विज्ञापन पूर्व नेता प्रतिपक्ष के निर्देश पर किया गया था। अतः उनके द्वारा मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 की कंडिका 18 (1) का कोई उल्लंघन किया गया नहीं है। प्रीति चौधरी ने बताया कि इस जबराय का परीक्षण कर कानूनी तौर पर एडपरटाईजर के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## दीपक एडवरवईजर का जबाव भी आया है

गैसासुर रोड पर लगाया गया डेंजरस यूनिपोल प्रीति चौधरी ने बताया कि इस संबंध में भी एडवरटाईजर को नोटिस भेजा जा रहा है। पैसे इनके टेंडर पीरियड समाना होने वाला है तथा उन्हें 14.04.2025 के बाद पृथक करने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसके पूर्व नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंघ के डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि यूनिपोल पर विज्ञापन लगाने के दौरान हुई दुर्घटना यदि होती है तो मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 की कंडिका 18(1)अ के अनुसार किसी भी दुर्घटना के लिए एजेंसी उत्तरदायी होती है। अतः 18 जनवरी के दुर्घटना में हुई बात की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी। अतः इस कारण एजेंसी पर एफ. आई.आर. चायवर किया जाये। धर्चा में रजत भार्गव, एड. पेद प्रकाश अधौलिया, टी. के. रायभटक, डी. पो. सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, के.सी. सोनी, हरजीयन विश्वकर्मा, विनायक सोरसे आदि शामिल थे।

# ऊर्जा विभाग के अधीन पहले चरण के भर्ती आवेदन अब 7 फरवरी तक

## फेडरेशन ने किया था आग्रह

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों के खाली पदों की पूर्ति के लिए पहले चरण की प्रक्रिया में एमपी ऑन लाइन के माध्यम से 2573 पदों के आवेदन की अंतिम तिथि 23 जनवरी तय थी। भर्ती प्रक्रिया की नोडल कंपनी मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि अब ऑन लाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी कर दी गई हैं।

मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि फेडरेशन वरिष्ठ नेता जोनल सचिव इंदौर एन के यादव ने भर्ती प्रक्रिया की नोडल अधिकारी मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक रजनी सिंह जी को पत्र देकर आग्रह किया था संविदा, आउट सोर्स कर्मचारियों को समुचित लाभ मिल सके इसलिए भर्ती प्रक्रिया के आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाई जाए। और आज तिथि बढ़ाने का निर्णय लेकर सूचना जारी कर दी गई है। मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक और जोनल सचिव एन के यादव ने मध्यप्रदेश शासन के अतरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई जी और विशेष रूप से पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक रजनी सिंह जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रबंध निदेशक रजनी सिंह ने बताया कि पहले चरण में अब तक 2573 पदों के लिए 58 हजार से ज्यादा आवेदन आए हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया दूसरे चरण में 123 पदों के लिए भी ऑन लाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। दूसरे चरण के पदों के लिए आवेदन 21 फरवरी की रात 11.59 तक ऑन लाइन तरीके से भरे जा सकेंगे।

# रक्तदान शिविर आयोजन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत की आजादी के महानायक श्री नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में 19 वर्ष रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा दिनांक 23 जनवरी 2025 दिन गुरुवार समय 01:00 बजे से कार्यक्रम स्थल भंवरताल गार्डन गेट नंबर 2 भवदीप कार्यक्रम संयोजक विष्णु विनोदिया

# स्व. निम्मी देवी रोहाणी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के में हुए 7 मैच

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री ईश्वरदास जी रोहाणी की माता स्व. श्रीमती निम्मी देवी रोहाणी आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिवस पहले मैच रेड रोज तथा वीकेंड के मध्य खेला गया जिसमें रेड रोज की जीत हुई द्वितीय मैच कजरवारा बॉय तथा शौर्य 11 के मध्य खेला गया जिसमें कजरवारा 11 जीते तीसरा मैच कैंट लाइंस तथा मानेगांव 11 के बीच खेला गया जिसमें कैंट लाइंस जीते चैथा मैच जॉर्ज 11 तथा घाना 11 के मध्य हुआ जिसमें घाना 11 जीते पांचवा मैच जे डी ए इलेवन तथा ओ एफ के के मध्य खेला गया जिसमें जे डी ए इलेवन जीते छठवां मैच एम नमामि 11 तथा टाइगर 11 के मध्य खेला गया जिसमें नमामि के खिलाड़ी जीते तथा सातवां मैच डी डी 11तथा गली बॉय के मध्य खेला गया जिसमें गली बॉय जीते, और तीसरे राउंड में पहुंचे। इस वर्ष भी फाइनल मैच के पूर्व 25 जनवरी 2025 को जबलपुर शहर के सम्मानीय पत्रकार बन्धुओं का प्रदर्शन मैच प्रिंट मीडिया बनाम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बीच वेस्टलैंड ग्राउण्ड, खमरिया में खेला जावेगा।आयोजन समिति के दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, राकेश लखेरा, मिक्की शर्मा, सुधीर बेन, हैप्पी सिंह, शोभित आनंद, डॉ. आलोक मिश्रा, चेतन लाहोरिया, कॉमेंटेटर अमित यादव, सुनील पाण्डेय, गजेन्द्र सिंह, सुरेश पटेल, जयप्रकाश खरे, मोहित रास्ते, दशरथ पटेल, हेमराज सराठे, आकाश पटेल, गोविंद यादव, प्रभाशंकर कुशवाहा, सहित सभी उपस्थित रहे ।

# 2 फरवरी से होगा संस्कारधानी जबलपुर में पंचकल्याणक महोत्सव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अहिंसा के प्रणेता 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल में, 108 आचार्य कुंदकुंद देव की शुद्ध तेरह पंथ अम्नाओं में आध्यात्मिक सतपुरूष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्वप्रभावना योग में श्री आचार्य कुंदकुंद दिगंबर जैन वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन द्वारा आगामी 2 फरवरी से 7 फरवरी तक श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजन संस्कारधानी जबलपुर में होने जा रहा है।

## महोत्सव समिति ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

मंगल महोत्सव को जन जन तक पहुंचाकर जिनशासन की मंगल प्रभावना में सहयोग हेतु मंडल एवं फेडरेशन द्वारा महोत्सव कार्यालय में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया जिसमे जिनशासन सेवक अखिलेश जैन सीए, मंडल अध्यक्ष अशोक जैन दिगंबर, फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन ग्रीनबेली, ब्रह्मचारी श्रेणिक जैन, डॉक्टर मनोज जैन, मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन, नितिन जैन, अंकित जैन, हितेश जैन, आतम जैन, सतीश जैन, प्रशांत जैन, निशांत जैन सहित महोत्सव समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने समस्त पत्रकार बंधुओं का समिति की ओर से आत्मीय अभिनंदन किया।

*2 फरवरी से होगा महोत्सव का शुभारंभ -*

मंडल अध्यक्ष अशोक जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव का भव्य शुभारंभ 2 गर्भकल्याणक की पूर्व क्रिया एवं ध्वजारोहण से होगा, 3 फरवरी को गर्भकल्याणक, 4 फरवरी को जन्मकल्याणक, 5 फरवरी को तपकल्याणक, 6 फरवरी को ज्ञानकल्याणक एवं 7 फरवरी को मोक्षकल्याणक महोत्सव मनाया जावेगा।

*बन रही भव्य कुंडलपुर नगरी -*


फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन एवं मीडिया प्रभारी नितिन जैन ने बताया कि महोत्सव स्थल राईट टाउन गोल बाजार में भव्य एवं मनोहारी कुंडलपुर नगरी बनाई जा रही है जिसमें पंचकल्याणक की सम्पूर्ण विधि प्रतिष्ठाचार्य पंडितश्री रजनीभाई दोशी हिम्मतनगर एवं कुशल मंच संचालन पंडितश्री संजय शास्त्री जेबर कोटा द्वारा किया जायेगा एवं नगर गौरव पंडितश्री राजेंद्रकुमार जैन सहित पूरे देश के विद्वतजनों का समागम प्राप्त होगा। संस्कारधानी का सौभाग्य है कि इस महामहोत्सव में पूरे विश्व से जैन बंधुओं का जबलपुर आगमन होगा और सभी मिलकर जिनशासन की मंगल प्रभावना करेंगे।

*दो जिनालय का एक साथ होगा महोत्सव -*

ब्रह्मचारी श्रेणिक जैन एवं डॉक्टर मनोज जैन ने बताया कि संस्कारधानी शताधिक दिगंबर जैन मंदिर एवं पिसानहारी तीर्थादि से सुशोभित है उसमें दो जिनालय और जुड़ गए हैं प्रथम तो धर्मायतन एवं दूसरा ज्ञानायतन जिसका अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जाना है जिसको लेकर सकल समाज में अपार उत्साह का वातावरण बना हुआ है और सभी आतुर हैं साधर्मियों के मंगलमय अभिनंदन करने के लिए।

*महोत्सव का दिया आमंत्रण -*

महोत्सव समिति द्वारा भारत सहित सम्पूर्ण विश्व की जिनवाणी तत्वरसिक सकल जैन सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को मंगल आमंत्रण दिया जा रहा हैं बुधवार को महोत्सव समिति ने मध्य प्रदेश शासन लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, विधायक श्री अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ सकल जैन समाज के सभी घटकों सहित युवा मंडलों एवं महिला मंडल की आमंत्रण दिया ओर सभी ने मिलकर जिनशासन की मंगल प्रभावना का संकल्प लिया।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना सिहोरा मे श्रीमती सिया बाई उम्र 40 वर्ष निवासी कंकाली मोहल्ला सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके मोहल्ले का मोन्टी उर्फसिद्धार्थ चौहान आये दिन शराब पीकर मोहल्ला में गाली गलौज करता है आज रात लगभग 00-30 बजे मोन्टी उर्फसिद्धार्थ चौहान हनुमान मंदिर के पास कंकाली मोहल्ला में आकर उसके तथा उसके बेटे अंकित साहू को गाली गलौज कर शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये की मांग कर रहा था रूपये नहीं देने पर उसको एवं उसके बेटे को तलवार से जान से खत्म करने की धमकी दे रहा था।

# कलेक्ट्रेट परिसर में महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास, मची अफरा-तफरी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अपने जीवन भर की कमाई लगाकर महिला ने एक प्लॉट खरीदा। उस प्लॉट पर दो बदमाशों के कब्जा कर लिया। बदमाशों की धमकियों से त्रस्त महिला ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की भी शरण ली, उन्हें पूरा वाकया बताया, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो महिला मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में पहुँची। यहाँ कलेक्ट्रेट परिसर पर अचानक उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। इससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालाँकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी दीपक विश्वकर्मा व परिसर पर मौजूद अन्य लोगों की तत्परता व सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। अफसरों ने भरोसा दिलाया है कि महिला की समस्या का जल्द निराकरण करेंगे। रो-रोकर सुनाई अपनी व्यथा - घटनाक्रम के बाद पुलिस कर्मियों व सुनवाई में पहुँचे अन्य नागरिकों ने महिला को समझाइश दी, इस पर उसका दर्द आँसुओं के रूप में बाहर आ गया। पीड़िता उर्मिला कुशवाहा ने रोते हुए बताया कि उन्होंने अपनी जीवन भर की जमा पूँजी 10 लाख रुपए लगाकर परिवार के लिए 1 जुलाई 2024 को राजेश सैनी से मदन महल थाना क्षेत्र के अमनपुर में 700 वर्ग फीट का प्लॉट खरीदा था। रजिस्ट्री और सभी सरकारी दस्तावेजों में उनका नाम दर्ज है। जब वह प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू करने गईं, तो चुलबुल पांडे नामक व्यक्ति ने उन्हें रोक दिया और प्लॉट पर अपना दावा जताते हुए वहाँ से भगा दिया। वह लगातार धमकियाँ देते हुए परेशान कर रहा है। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से वे बेहद दुःखी हैं। इसी के चलते मजबूरी में उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। दूसरा व्यक्ति कर रहा बाउंड्रीवॉल का निर्माण पीड़िता ने बताया कि चुलबुल आए दिन विवाद कर रहा था। इस बीच एक अन्य व्यक्ति देवेंद्र ने उनके प्लॉट पर बाउंड्रीवॉल का निर्माण शुरू कर दिया। इसको लेकर उन्होंने पुलिस थाने से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत की, लेकिन कहीं से मदद नहीं मिली। हर जगह से निराशा ही हाथ लगी। हालाँकि घटनाक्रम के बाद एसडीएम पंकज मिश्रा ने महिला को ढाँढस बँधाया और उनकी शिकायत की जाँच कर वैधानिक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

**पत्नी चीखती रही-मत मारो, आरोपी चाकू चलाते रहे**

# पत्नी व बच्ची के सामने पति की चाकू मारकर हत्या

## गाड़ी टकराने पर विवाद, थाना का घेराव

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में बदमाशों ने पत्नी के सामने पति की हत्या कर दी. उन्होंने हमला करते हुए कहा- पुलिस से जाकर बताना कि तुझे चाकू मारकर जान ले ली है. वारदात सोमवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे की है.

पुलिस के मुताबिक, मकबूल अहमद अंसारी उर्फ टिंगू ई-रिक्शा चलाता था. सोमवार को अपनी पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गया था. रात को दोनों ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे. रास्ते में गोहलपुर पानी टंकी के पास रिक्शा की टक्कर बाइक से हो गई. बाइक सवार दोनों युवक गाड़ी से उतरे और मकबूल से गाली-गलौज करने लगे.

मकबूल ने समझाने की कोशिश करते हुए कहा, %अगर आपकी बाइक खराब हुई है तो मेरा रिक्शा भी टूट गया है. चलो, पुलिस थाने जाकर शिकायत दर्ज कराते हैं.% यह सुनते ही बाइक सवार दोनों युवकों ने चाकू निकाल लिए. हमला करते हुए कहा, %अब पुलिस से जाकर बताना कि तुझे चाकू मारकर जान ले ली है. मकबूल के नीचे गिरते ही दोनों बदमाश चाकू दिखाते हुए बाइक से भाग निकले. उनकी पहचान अमित चौधरी और सतीश रैकवार के रूप में हुई है. दोनों को मंगलवार सुबह गाजी नगर से गिरफ्तार कर लिया गया. मकबूल की पत्नी ने मदद के लिए आवाज लगाई तो आसपास के लोग पहुंचे. उनकी मदद से पत्नी मकबूल को लेकर निजी अस्पताल पहुंची. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पत्नी ने कहा, बुलेट सवार दोनों बदमाश शराब के नशे में थे. मैं उन्हें नहीं पहचानती. टक्कर होते ही वे चिल्लाए- इतना नुकसान हो गया है. क्या ये तेरा बाप देगा? मकबूल ने कहा, गलती आपकी है, मेरी नहीं. इतना सुनते ही उन्होंने चाकू निकाल लिए और हमला कर दिया. मैं चीखती रही कि मत मारो, लेकिन वे नहीं रुके. चाकू चलाते रहे. मुझे धक्का देकर भाग गए. शहर के बीचों बीच हत्या की जानकारी मिलते ही गोहलपुर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं.

# मेले से लौट रहे बाइक सवारों को बस ने मारी टक्कर, मौत

**कटंगी थाना क्षेत्र में राजघाट पौड़ी के पास हुआ दर्दनाक हादसा, भाग निकला चालक**

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । कटंगी थाना क्षेत्र में राजघाट पौड़ी के पास मंगलवार की दोपहर जबलपुर से सागर जा रही तेज रफ्तार से भागती बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते बाइक सवारों को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। वहीं आरोपी बस चालक फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार कमलेश सेन उम्र 32 वर्ष निवासी माढ़ोताल आईटीआई अपनी बाइक क्रमांक एमपी 20 एनई 6527 से अपने साथी बेलखाडू निवासी अमर सिंह गोंड उम्र 24 वर्ष के साथ मंगलवार को कटंगी में अपने किसी रिश्तेदार के यहाँ गया था। वहाँ से लौटते समय वे दोपहर ढाई बजे के करीब राजघाट पौड़ी के पास पहुँचे, तभी जबलपुर से सागर की ओर जा रही राधा बस सर्विस की बस क्रमांक एमपी 15 पीए 1454 के चालक ने बाइक सवारों को सामने से टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगने से दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जाता उससे पहले ही दोनों की मौत हो गई। उधर टक्कर मारने के बाद बस चालक घटनास्थल के पास ही बस छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने मौके से बस जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू की। दूसरे वाहनों से रवाना हुई सवारी हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने बस में सवार यात्रियों के भी बयान दर्ज किए व जाने के लिए दूसरे वाहनों से रवाना कराया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुँचे मृतक कमलेश के रिश्तेदार रोहिणी सेन की रिपोर्ट पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आवागमन अवरुद्ध हुआ हादसे के बाद जबलपुर कटंगी मार्ग पर आवागमन अवरुद्ध हो गया था।

# वैन मे रखी पेटी जिसमें सोने चांदी के जेवर थे चुराने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना लार्डगंज में रात लगभग 3-25 बजे रितेश साहू उम्र 23 वर्ष निवासी गली नम्बर 4 आगा चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि स्कूल वेन चलाता है दिनांक 21-1-25 को उसके बड़े भाई की शादी आगा लॉन में थी दुल्हन को चढ़ाने के लिये पिताजी ने जो जेवर बनवाये थे एक पेटी मे रखे थे पेटी हमारी घर की वेन एमपी 20 बीए 2861 में रखी थी और वेन को आगा लॉन के दूसरे गेट पर रखा था क्योंकि वहां पर कमरे लगे थे उसके पापा जब बजार से वापस लोटकर आगा लॉन आये देखा कि वेन का गेट खुला था वेन के अंदर देखा जेवर वाली पेटी नहीं थी पेटी में सोने का हार, मंगलसूत्र हाथ के कंगन, बेंदी तथा चांदी की पायल, करधन, खुसना ,एक साड़ी रखी थी। कोई अज्ञात चोर बैग जिसमें सोने चांदी के जेवर थे चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना लार्डगंज में रात्रि लक्ष्मीप्रसाद विश्वकर्मा उम्र 43 वर्ष निवासी रानीताल लार्डगंज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पान की दुकान चलाता है दिनांक 21-1-25 की शाम लगभग 7-15 बजे अपनी मोटर सायकल से उजारपुरवा गली नम्बर 4 से होते हुये उखरी रोड़ की ओर जा रहा था जैसे ही उजारपुरवा बाबली के पास पहुँचा तो परिचित का दोस्त अतुल पटैल मिल गया जिससे बात करने लगा तभी सुरेश उर्फ सूर्या राव आकर उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर हाथ में पहने कड़े से सिर मे मारकर चोट पहुँचा दी

# लापरवाही पूर्वक फ्लैक्स बांधते समय लोहे की सरिया नीचे खड़े वृद्ध पर गिरने से हुई थी मृत्यु

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना सिविल लाईन में राजुल रजक उम्र 37 वर्ष निवासी रामनगर व्हीकल मोड़ रांझी ने सूचना दी कि आज दोपहर लगभग 1-25 बजे उसके भाई रवि कुमार रजक का उसके पास फोन आया जो बताया कि इलाहाबाद चौक के पास फ्लेक्स लगाते समय ऊपर से लोहे की राड गिरने से नीचे बैठे चाचा किशन कुमार रजक गले में राड लगने से घायल हो गये हैं इलाज के लिये मार्बल सिटी अस्पताल लेकर गये हैं सूचना पाकर वह मार्बल सिटी अस्पताल पहुँचा जहॉ चाचा किशन कुमार रजक उम्र 64 वर्ष निवासी फ्लेट नम्बर ए/202 वुक स्टाक अपार्टमेंट सिविल लाईन को डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। दौरान मर्ग जांच के साक्षियों के कथन लिये गये, जांच पर पाया गया ठेकेदार रमेश ठाकरे यूनिपोल पर पोस्टर एवं विज्ञापन लगाने के लिये लोहे की सरिया मजदूर बेड़ी मरकाम के साथ मिलकर बांध रहा था, सरिया ऊपर से नीचे गिरकर नीचे खडे किशनलाल के गले में घुस गया जिसे गम्भीर रूप से घायल होने से मार्बल सिटी अस्पताल ले जाया गया जहॉ किशनलाल की मृत्यु हो गयी है। ठेकेदार रमेश ठाकरे द्वारा सुरक्षा मानक का पालन न करते हये लापरवाही पूर्वक कार्य किया जा रहा था जिससे घायल होने से किशन कुमार रजक की मृत्यु हो गयी है। मर्ग जांच पर आरोपी ठेकेदार रमेश ठाकरे के विरूद्ध धारा 106 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर**

पत्र क्रं./बा.वि./2025/975 दिनांक 10/01/2025

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री शैंकी जैन, पिता श्री मुन्ना लाल जैन** द्वारा **आवेदन पत्र, एवं विक्रय पंजीयन पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **बल्देवबाग मार्केट दुकान क्रं. 26 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.54 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

**बाजार अधीक्षक**
**नगर निगम जबलपुर**

**ग्राम उमरिया में जे.के. कंसल्टेंसी द्वारा निर्मित अवैध संरचना को हटाया गया-निगमायुक्त के निर्देश पर की गई अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही**

# बिना स्वीकृति के बन रही कॉलोनी में नगर निगम ने की कार्यवाही





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर बिना सक्षम स्वीकृति प्राप्त किए अवैध कॉलोनी निर्माण करने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। आज नगर निगम की टीम ने अवैध संरचना को हटाने की कार्रवाई की गई। कॉलोनी सेल प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि बिना स्वीकृति के कॉलोनी अथवा भवनों का निर्माण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है इसके लिए अलग से टीमों का गठन कर अवैधानिक कार्य करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं। कॉलोनी सेल प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि दिए गए निर्देशों के परिपालन में आज नगर निगम की टीम ने ग्राम उमरिया में जे.के. कंसल्टेंट द्वारा खसरा नं. 12/1 पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी, कॉलोनाइजर के पास किसी भी तरह का वैध दस्तावेज न होने पर शासन के कॉलोनी विकास नियम 2021 की धारा 22(4) के तहत् कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को हटाया गया। आज की कार्यवाही में कॉलोनी सेल तथा अतिक्रमण टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -98, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 22.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती पुष्पा बाई बडोदेकर, पति- स्व. श्री माउराव बडोदेकर** ने मकान नं. 1408/16, पिन नं. 1000414348 **वार्ड अम्बेडकर वार्ड,** भूतल 1000 व.फु. , **आधार कार्ड, खसरा, विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि-श्रीमती सी.एम. कोहली, पति- श्री सत्यपाल कोहली, मकान नं. 1408/16, पिन नं. 1000414348 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 32/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 22.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्रीमती वर्षा चौधरी, पति- श्री रंजीत चौधरी** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं..........., **वार्ड 70 वार्ड ,** भूतल 350 व.फु. कच्चा , **संलग्न- शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री रंजीत चौधरी, भवन नं .........., पिन नं. 1004366948 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/261 जबलपुर दिनांक 21.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्री मनीष जैन, पिता- श्री सुमेर चंद सिघई, 2. श्रीमती स्मृति जैन, पति- श्री मनीष जैन ,** ने खसरा नं. 46-47 का भाग **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1003064407, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 750 व.फु., प्रथमतल 750 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 351 दिनांक 22.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री निर्मल कुमार जैन, पिता- श्री गोमती जैन** ने मकान नं. 251/पी 81 , सम्पत्ति पिन नं. 1000607543 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1500 व.फु., प्रथमतल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/208 दिनांक 22.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नीलम शुक्ला, पति- श्री वीर वृतधारी शुक्ला** ने मकान नं. ब्लाक एफ द्वितीयतल फ्लैट नं. 3 , **वार्ड जय प्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 1122 व.फु., द्वितीयतल एस.एफ. 1120 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/207 दिनांक 22.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती समरीन मिर्जा, पति- श्री मिर्जा साजिद बेग** ने मकान नं. पी-438 , **वार्ड पं. मोती लाल नहेरू वार्ड,** क्षेत्रफल 1320 व.फु., भूतल 500 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/269 2024-25 दिनांक 22/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1003890475** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सौरभ मलिक, पिता- स्व. श्री अशोक मलिक एवं श्रीमती प्रेमलता मलिक, पति स्व.श्री अशोक मलिक** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती संध्या कुतहाडे, पति श्री हरी किशन कुतहाडे** ने **मकान नं. 866/डी-02 रूकमणी परिसर वार्ड क्र.-10, ...... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1050 व.फु., भूतल 800 व.फु., प्रथमतल 800 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/268 2024-25 दिनांक 22/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1003890476** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती मंजुला खरे, पति-श्री मनोज खरे** के स्थान पर आवेदक **श्री दिलीप कुतहाडे, पिता श्री नरेश कुतहाडे एवं श्रीमती सुरभि कुतहाडे, पति- श्री दिलीप कुतहाडे** ने **मकान नं. 866/डी-06 रूकमणी परिसर वार्ड क्र.-10, ...... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1044 व.फु., भूतल 880 व.फु., प्रथमतल 880 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/267 2024-25 दिनांक 22/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000619691** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री दविन्दर सिंह बंसल, पिता- स्व. श्री करतार सिंह बंसल** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती गायत्री धूपड, पति- श्री राजेश कुमार धूपड** ने **मकान नं. 137-138/ शॉप नं. 01 वार्ड क्र.-10, ...... वार्ड,** भूतल 156 व.फु., **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/266 2024-25 दिनांक 22/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000621645** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती रूपमती बाई पटेल, पति- स्व. श्री भीकम सिंह पटेल** के स्थान पर आवेदक **श्री रमेश सिंह पटेल, पिता- स्व. श्री भीकम सिंह पटेल** ने **मकान नं. 217 वार्ड क्र.-........, गुप्तेश्वर वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 1800 व.फु., भूतल 1550 व.फु., प्रथमतल 1360 व.फु., द्वितीयतल 300 व.फु., **दस्तावेज- बटवारानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/265 2024-25 दिनांक 22/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000508062** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री मनोज सचदेवा** के स्थान पर आवेदक **श्री वैभव सचदेवा एवं वैष्णवी सचदेवा , दोनों के पिता- स्व.श्री मनोज सचदेवा** ने **मकान नं. 432 वार्ड क्र.-........,जार्ज डिसिल्वा वार्ड,** भूतल 1264 व.फु., **दस्तावेज- शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/264 2024-25 दिनांक 22/01/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000506301** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री बलराम,श्री दिलीप पिता- आयलदास नेचलानी** के स्थान पर आवेदक **श्री बलराम उर्फ बलदेव नेचलानी, पिता- स्व. श्री आयलदास नेचलानी** ने **मकान नं. 2497 वार्ड क्र.-.12,.......... वार्ड,** प्लाट क्षेत्रफल 488 व.फु., भूतल 488 व.फु., प्रथमतल 488 व.फु., द्वितीयतल 488 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत हकत्याग पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999